


# पूरे देश में दूसरे नंबर पर आया है शहर गाजियाबाद का पॉल्यूशन

## करंट क्राइम ने मांगी राय तो जनता ने बताया कौन जिम्मेदार और क्या हो सॉल्यूशन

**Ashu Kumar Verma**
9h ·

आइये इसके लिए मिलकर शर्मिन्दा हो हम, प्रशासन, निगम । इस पर कोई चर्चा नही करते , सांसो पर संकट है

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सांसें लेना दुश्वार हो रहा है और सांसों पर संकट आ गया है। हालात ये है कि सांस नहीं लेंगे तो भी मर जाएंगे और सांस लेंगे तो भी मर जाएंगे। हवा जहरीली है और इस कदर जहरीली है कि अब गाजियाबाद शहर हिंदुस्तान का दूसरा ऐसा शहर बना है जहां प्रदूषण सबसे ज्यादा है। जहां हवा जहरीली है। दैनिक करंट क्राइम ने गाजियाबाद की इस उपलब्धि पर जनता से उन्हीं की राय जानी और जमीनी हकीमत से रूबरू हुए। जनता ने प्रदूषण को लेकर शासन की नीतियों को निशाने पर लिया, प्रशासन की कार्यप्रणाली को निशाने पर लिया और उन जप्रतिनिधियों को भी टारगेट कर लिया जो इतने बड़े मुद्दे पर कभी सदन में आवाज नहीं उठाते। सबसे खास बात ये रही कि जनता ने इस सबके अलावा बढ़ते प्रदूषण के लिये खुद को भी जिम्मेदार माना। जब हवा की गुणवत्ता यानी एक्यूआई 400 है तो ये समझा जा सकता है कि आने वाली पीढ़ियो के लिये संकट है, ये जनता के प्राणों पर सरकारी उदासीनता का हमला है। ये जनता द्वारा भी पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी ना पूरा करने का खामियाजा है। जो भी हो एक बड़ी चूक हो रही है और अगर इस रफ्तार को रोका ना गया तो खुद एक दिन सांस लेने के प्रयास में ही सांस रुक जाएगी। अभी भी जब सरकारें वायु प्रदूषण को लेकर सख्ती करें। सबसे खास बात ये है कि गाजियाबाद की जनता ने अपनी राय में यहां के सांसद, विधायकों, मेयर को भी जिम्मेदार माना। जनता पूछ रही है कि जिन्हें हमें जनादेश दिय है वो प्रदूषण मुक्त शहर देने के लिये क्या कर रहे हैं। प्रशासन क्या कर रहा है। जीडीए क्या कर रहा है और नगर निगम क्या कर रहा है। दैनिक करंट क्राइम ने जब अपने पाठकों के साथ प्रदूषण की चिंता को साझा किया तो जनता ने भी खुलकर अपने विचार रखें।

### प्रवीन कुमार

इस बदहाल हालात के लिए स्थानीय सांसद, विधायक, महापौर, पार्षद, ज़िलाधिकारी, नगरायुक्त, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सबसे ज्यादा ज़िम्मेदार हैं, शेष अधिकारी व निवासी भी कम-ज्यादा ज़िम्मेदार हैं।

### कार्तिक त्यागी

अपशिष्ट जलाना, इंडस्ट्रीज, परिवहन, डीजल जनरेटर सेट, बढ़ती जनसंख्या सब ज़िम्मेदार है इन पर कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए। वायु प्रदूषण को कम करने के कुछ तरीके हैं :

1. सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें : अपने वाहन की बजाय सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें, जैसे बस, मेट्रो, ट्रेन, आदि।
2. शून्य एमिशन या इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करें : इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करने से वायु प्रदूषण को कम किया जा सकता है।
3. अपनी गाड़ी को साफ और सेवायुक्त रखें : अपनी गाड़ी का नियमित रूप से सेवा कराएं और सही तरीके से रखें, ताकि यात्रा के समय अधिक प्रदूषण ना निकले।
4. पेड़-पौधों का बढ़ावा करें : पेड़-पौधों को बढ़ावा देने से वायु प्रदूषण को कम किया जा सकता है, क्योंकि पेड़-पौधे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं।
5. शांत यातायात : बंद इंजन के साथ लंबे ठहराव दें, जैसे जब आप लॉन्च या ट्रैफिक सिग्नल पर रुके हों।
6. ऊर्जा के नियोजन करें : ऊर्जा बचाने के लिए ऊर्जा उपयोग को नियोजित करें, जैसे छएऊबल्बों का उपयोग करना और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को बंद करना।
7. प्राकृतिक गैस का उपयोग करें : शुद्ध ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करें, जैसे सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा।
8. संचार को बढ़ावा दें : देशभर में सार्वजनिक परिवहन और संचार नेटवर्क को बेहतर बनाने के लिए समर्थन करें, ताकि लोग अपनी गाड़ियों का उपयोग कम कर सकें।
9. प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों का उपयोग करें : उपयोगकर्ता द्वारा उपयोग की जाने वाली प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों का उपयोग करें, जैसे वायु शोधक और एयर प्यूरीफायर।
10. जल संरक्षण : जल के उपयोग में संवेदनशीलता बढ़ाएं, क्योंकि जल की बचत से उपयोग में परिसीमा होने से उत्पन्न ऊर्जा की आपवृत्ति कम हो सकती है और अनियंत्रित प्रदूषण का उत्पादन रोका जा सकता है।

### कमरूद्दीन सैफी

शासन और प्रशासन

### रूप चौधरी

मैं हूँ ना

### मोहसिन अल्वि

शासन और प्रशासन के अलावा कौन होगा

### अनील सिंह खेरा

हम सब

### एडवोकेट गुड्डु तिवारी

जी कांग्रेस जिम्मेदार है उसने नेहरू नगर गांधीनगर शास्त्री नगर जैसी कालोनियां क्यों बसाई

### प्रेमकांत चौधरी, सोनू

सरकार की जिम्मेदारी है।

### विवेक तौमर

हम स्वयं ही जिम्मेदार हैं क्योंकि, घर में जितने लोग हैं उतनी गाड़ियां हैं, कहीं भी आग लगाकर हाथ सीखने लगते हैं, फैक्ट्री का पॉल्यूशन, और धूल मिट्टी कंस्ट्रक्शन, हमें खुद को बदलना पड़ेगा तभी होगी गाजियाबाद की उन्नति और सांस होगी ऑक्सीजन युक्त

### पंकज गौर

कूड़ा जलाया जा रहा है कोई ध्यान देंने वाला नही अलग अलग जगहों पर रोज टनों हिसाब से कूड़ा जला दिया जाता ये भौत बड़ा खेल चल रहा है नगर निगम के कर्मचारी सब जानते है कैसे ये खेल खेला जाता है वार्डो में मिलीभगत से ये कार्य हो रहे सब जान कर अनजान पेसो के लिए आत्मा बेच दी गयी है कोई मरे या जिये इनको कोई फर्क नही पड़ता केवल सड़को पर पानी डालने से ये लोग कमियों को छुपा सकते है असल मे एक्यूआई इससे कहि ज्यादा है।

### अजय प्रमुख आरएलडी

शहर का पॉल्यूशन अवैध फैक्ट्रियां प्रशासन के द्वारा जो चल रही हैं, अवैध बैटरी जलाने का व्यापार, सरकारी सड़कों पर उड़ती हुई धूल, टूटी हुई सड़के, रोड की साइड कच्ची होना, जिस पर की घास लगनी चाहिए, नालियों की पानी न निकासी होना, सड़कों पर खुलेआम तेज आवाज में डीजे बजाना, पाइपलाइन रोड पर जहां कूड़ा डाल रहा है कच्चे में, नगर निगम की 300 गाड़ियों की रोज आवाजाही है वहां अगर धूल उड़ती देखोगे तो दिन में आदमी नहीं दिखाई देता है, वह किसकी जिम्मेदारी है। कमर्शियल सरकारी वाहन जिसमें लोगों का आना जाना होती है सब जगह से ना मिलना, और सुचारु रूप से नही चलना। यह पता नहीं इन सब की जिम्मेदारी कौन लेगा सब यह चाहते हैं की जनता ही सब कुछ कर ले। नगर निगम का कचरा पार्क और जगह-जगह जलाया जा रहा है कर्मचारियों द्वारा उसका कौन जिम्मेदार है। सरकार के फॉरेस्ट विभाग द्वारा हर जिले में हर साल करोड़ों की संख्या में पेड़ लगाए जाते हैं वह कहां लगते हैं क्या कागजों में ही है, पौधे नहीं हो पाए क्यों नहीं हो पाये इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा, यह भी जनता की ही जिम्मेदारी है।



### उद्दयन गर्ग

हर चीज की जिम्मेवारी सिर्फ जनता की ही तो है भाई साहब

### संजीव कौशिक

काशीराम बापूधाम और मधुबन बापूधाम के चारों तरफ कूड़े के ढेर लगे हुए हैं आग लगा दी जाती जलते रहते हैं धुआ उठता रहता है।

### राजेश कौशिक

दीपक भाई इस समस्या के लिए हम सब स्वयं और प्रशासन भी जिम्मेदार है ना कोई कंस्ट्रक्शन रुक रहा है ना धूआ देते वाहन रुक रहे हैं ना ही वातावरण को दूषित करने वाले कार्य ही रुक रहे हैं जो हम बो रहे हैं वही तो काटेंगे।

### विजेन्द्र त्यागी

हम सब खुद जिम्मेदार हैं क्योंकि जिम्मेदारी कोई लेगा नहीं भाटी जी

### धीरज कुमार

आजकल शादी या फिर किसी भी फंक्शन में आतिशबाजी जो होती है उसका भी कहीं ना कहीं अहम रोल है।

### हरेन्द्र सिह मावडी

खोड़ा मकनपुर कुडे के ढेर पर लगातार एक घंटे से धुआ उड़ रहा है जिम्मेदार कौन।

### सतेन्द्र यादव

व्यवस्था। नगर जिला देश और सम्पूर्ण मानव जाति द्वारा निर्मित व्यवस्था विकास का मतलब केवल बड़ी इमारत पुल सड़के आम आदमी का संपन्न होना मान लिया गया। पश्चिम से आयातित ये मॉडल अंततोगत्वा दु:ख का कारण बनना ही है। इस संदर्भ में गांधी जी द्वारा 1909 में लिखी किताब हिन्द स्वराज पढ़ने योग्य है।

### डा. राजीव त्यागी राज

जिम्मेदारी तो शहर के सभी नागरिकों की बनती है लेकिन वाहनों का दिन पर दिन अधिक मात्रा में बढ़ोतरी, पर व्यक्ति पेड़ कम होने की संख्या, ठंड अधिक होने पर धूल के कण एक जगह इकट्ठा हो जाते हैं और हवा न चलने पर प्रदूषण अनियमिति हो जाता है।

### हाल-ए-पॉल्यूशन



नगर निगम के गांव दुहाई में कूड़ा जलता हुआ।

### मनी रायर

नगर निगम में भ्रष्टाचार कुछ इस तरह है कि अगर आपकी शिकायत है और सामने वाला अगर अधिकारी की जेब गरम करदे तो शिकायतकर्ता पर ही कार्यवाही हो जाती है कुछ ऐसा ही देखने को मिला पटेलनगर मैं जहाँ शिकायतकताओं पर ही नगर निगम के जे.ई ने कार्यवाही करदी थी अब ऐसे नगर निगम के अधिकारियों से क्या ही आस लगाई जाए कि वो जनता कि फि क्र करते होंगे।

### रजनी ढोंढियाल जोशी

50/50 ज़िम्मेदार कड़ा कानून लागू हुआ तो बदलाव मुमकिन है मगर वोट बैंक नाराज न हो ये फिक्र अधिक है बाकी जनता तो मेंटेनेंस ना देना पड़े बालकनी से कूड़ा सीधा रोड पर मेरा घर साफ बाकी सब बकवास कुछ समझदारी की वजह से अभी भी सफाई है।

### पंडित ऋषभ शर्मा

कुछ लोगों का तो भरोसा ही नहीं। इसके लिए भी मोदी जी को ही जिम्मेदार बता दे।

### सोहकत कुरेशी

पहले ज्यादा से ज्यादा लोग लोकल में साइकिलों पर सफर करते थे आज काम से कम टू व्हीलर फोर व्हीलर सफर कर रहे हैं इसके लिए जनता ही जिम्मेदार है।

### प्रवीण बत्रा

जिम्मेदारी स्वयं से खुद पर लेनी पड़ेगी।

अगर शासन प्रशासन संज्ञान नहीं ले रहा तो उनको जगाने की जिम्मेदारी हमारी खुद की भी है। तो दोषी शासन प्रशासन के साथ सभी लोग है।

### मुकेश त्यागी

सड़क किनारे उड़ती धूल सड़क के किनारे पर इंटरलुकिंग या टाइल्स वाला पौधे लगने चाहिए।

### अवतार भाटी

सभी की जिमेदारी है जागरूक सभी है लेकिन जागरूकता कही नहीं

### जय दीक्षित

जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गाँधी, इसके जिम्मेदार है।

न जिला प्रशासन, न गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, न आवास विकास, और न गाजियाबाद नगर निगम में बैठे अधिकारी, इसके जिम्मेदार सिर्फ गाँधी परिवार है। जय श्री राम नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद।

### ओम प्रकाश

खतरनाक स्तर पर पहुंचे एयर पोल्यूशन के लिए सभी जिम्मेदार हैं सादा सिंपल साइकिल से चलने वाले नागरिकों को अयोग्य कमतर माना जाता है यह अब समाज की मानसिकता बनती जा रही है।

### रविन्द्र चौधरी

हम स्वयं जिम्मेदार है और प्रशासन भी नगर निगम इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा है।

शेष, पृष्ठ 2

# एक्यूआई लेवल घटने का क्रेडिट लेने वाला निगम क्या लेगा बढ़े प्रदूषण की भी जिम्मेदारी




### प्रदूषण बढ़ने से पहले ही सरकारी महकमे बताएं क्या है उनकी पहले से तैयारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हवा का प्रदूषण जानलेवा हो रहा है। पानी का प्रदूषण खतरनाक हो रहा है। लेकिन जिम्मेदारी कौन लेगा इसको लेकर फाइल इधर से उधर घूम रही है। हवा का प्रदूषण 400 पार कर रहा है और गाजियाबाद को हिंदुस्तान का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर बता रहा है। सवाल ये है कि स्कूलों की छुट्टियां करने से प्रदूषण नहीं घटेगा। प्रदूषण अगर स्कूल की बिल्डिंग में है तो प्रदूषण घर, मोहल्ले की गली में है, पार्कों में है। वायु प्रदूषण की बात चलती है तो नगर निगम का नाम आता है।

जब भी प्रदूषण का स्तर कम होता है तो नगर निगम तत्काल प्रभाव से इसका श्रेय लेता है। वो बताता है कि नगर निगम के अथक प्रयासों से ये सुधार आया है। नगर निगम विज्ञप्तियां जारी करता है और समाचार पत्रों में ये निगम की उपलब्धियों के रूप में अपडेट भी होती हैं, लेकिन सवाल ये है कि अब जब हवा का प्रदूषण खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है तो क्या नगर निगम इस प्रदूषण की जिम्मेदारी लेगा। अगर वो एक्यूआई लेवल घटने का केडिट ले सकता है तो हवा के इस प्रदूषण की जिम्मेदारी भी उसे लेनी चाहिए। निगम अपने प्रयासों में निरंतरता रखे। प्रदूषण बढ़ने से पहले से ही उसपर काबू पाने के उपाय किये जाएं। केवल कागजी गणित से काम नहीं चलेगा और नगर निगम को इसके लिये अलग रणनीति बनानी होगी। प्रदूषण नियंत्रण विभाग के साथ बैठकर योजना तैयार करनी होगी।

AQI
AIR QUALITY INDEX

18 Dec 2024 6:05 PM
Total Number Of Stations : 4

| | |
|---|---|
| Indirapuram, Ghaziabad - UPPCB | 426 |
| Loni, Ghaziabad - UPPCB | 394 |
| Sanjay Nagar, Ghaziabad - UPPCB | 313 |
| Vasundhara, Ghaziabad - UPPCB | 379 |

### हवा और बरसात की बूंदों के पास है यहां प्रदूषण घटाने का फॉमूर्ला

सरकारी विभागों के पास बहाने हैं और कुदरत के पास समाधान है। जब प्रदूषण बढ़ता है तो सरकारी विभाग पराली को जिम्मेदार बताते हैं। प्रदूषण बढ़ता है तो मकानों के निर्माण पर रोक लगाते हैं। एक समय तो ऐसा आया था जब नगर निगम ने होटलों के तंदूर भी उठा लिये थे। उन्हें लग रहा था कि सारा प्रदूषण तंदूर से हो रहा है। इस बार भी प्रदूषण बढ़ा तो ग्रेप-4 लागू किया गया। निगम ये बताता भी है कि उसके वाहनों ने सड़कों पर छिड़काव किया और एक्यूआई कम हुआ। लेकिन रिकॉर्ड बता रहा है कि तेज हवाएं और बारिश की बूंदें प्रदूषण को काबू करती हैं। हवाएं चलती हैं तो एक्यूआई ठीक होने लगता है। बारिश की बूंदें आती हैं तो प्रदूषण धुल जाता है। प्रदूषण का रुख हवाएं तय कर रही हैं और बारिश वायु प्रदूषण को धो रही है। कुल मिलाकर सार ये है कि कुदरत खुद अपने प्रयासों से प्रदूषण को खत्म कर रही है। लेकिन सवाल फिर वही है कि अगर एक बार प्रदूषण खत्म हो जाता है तो फिर हवाएं क्यों जहरीली हो जाती है।

### क्या कर रहा है प्रदूषण नियंत्रण विभाग

अगर वायु प्रदूषण की बात करें तो यहां उस विभाग का जिक्र जरूर होगा जिसका गठन ही प्रदूषण नियंत्रण के लिये हुआ है। प्रदूषण नियंत्रण विभाग पर सरकार एक बड़ी रकम खर्च करती है। इस विभाग में इंजीनियर से लेकर अन्य कर्मचारी है। गाजियाबाद के हिंडन पार्क इलाके में इस विभाग का कार्यालय है। जब भी कभी वायु की गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर पहुंचती है तो नगर निगम छिड़काव करता है। जीडीए ग्रेप लागू करता है। जिला प्रशासन स्कूलों की छुट्टियां करता है। वायु प्रदूषण से निपटने के एडवाइजरी जारी की जाती है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल ये है कि प्रदूषण नियंत्रण विभाग क्या करता है। क्या ये विभाग केवल नोटिस जारी करने के लिये है। क्या इस विभाग के पास इतने संसाधन नहीं है कि वह वायु प्रदूषण रोकने के लिये एडवांस में कदम उठा सके। अगर ये सही है तो फिर सरकार इस विभाग को संसाधन उपलब्ध कराए। अगर संसाधनों के बावजूद भी प्रदूषण की मात्रा कंट्रोल नहीं हो रही है तो फिर प्रदूषण नियंत्रण विभाग को ही समाप्त किया जाए। इस पैसे से सरकार प्रदूषण रोकने के लिये कदम उठाए। प्रदूषण नियंत्रण विभाग की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए और जनता को कम से कम ये तो पता चले कि जिस विभाग का गठन ही प्रदूषण पर काबू पाने के लिये हुआ है उस विभाग के इंजीनियर और अधिकारी से लेकर बाबू तक क्या कर रहे हैं।

### सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से जनजागृति हो सकती है सहायक

जब भी कभी प्रदूषण की बात आती है तो सरकारी महकमें इसके लिये जनता को भी धीरे से जिम्मेदार बता देते हैं, लेकिन वो ये नहीं बताते हैं कि जनता को जागरूक करने के लिये उन्होंने क्या किया। यहां पर खुद जनता का एक बड़ा हिस्सा ये मानता है कि वह प्रदूषण नियंत्रण के लिये चल रही कवायद में आगे आने को तैयार है। अगर साइबर क्राइम के लिये सिनेमा घरों में संदेश चल सकता है तो फिर वायु प्रदूषण , जल प्रदूषण को लेकर भी जनजागृति संदेश चल सकते हैं। सामाजिक संस्थाओं की सहभागिता के साथ इस दिशा में काफी सुधार किया जा सकता है। सबसे बड़ी बात ये है कि एनसीआर में आबादी के अनुपात में पर्यावरण को लेकर कदम उठाए जा सकते हैं। बची हुई भूमि पर पेड़ लगाए जा सकते हैं और जब सरकारी विभाग और जनता मिलकर प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में कारगर कदम उठाएंगे तो यकीनन वायु प्रदूषण की गुणवत्ता में सुधार हो जाएगा।



**सन्तराम सिंह**
सरकार टैक्स लेती है जनता के जीवन को बेहतर बनाने के लिए भ्रष्टाचार पैस एक दिन आदमी को मार डालेगा। अन्धाधुध में है इन्सान कितनी जीरो ज्यादा है मैरे पास जलवायु खराब हो जाये तो हो जाये कोरोना से भी नहीं सीखा।



**प्रशांत सैरेया**
जनता को भी जागरूक होना पड़ेगा सरकार ही सबकुछ नहीं कर सकती, बिना जनसहयोग के।



**दीपक गौतम बीजेपी**
शासन और प्रशासन



**रोहिल युवा**
शासन और प्रशासन



**परमजीत सिंह**
इसका जिम्मेदार प्रशासन और आम जनता है अपनी जिम्मेदारी एक दूसरे पर डाल दी जाती है।



**स्पर्श अग्रवाल**
हम सभी लोग है जिम्मेदार।



**ईश्वर चंद**
मैरे खयाल से कांग्रेस या केजरीवाल



**रोहित चौहान**
वाहन



**संजय शर्मा**
बढ़ती जनसंख्या और ट्रैफिक



**संदीप त्यागी**
नागरिक के रूप में इसका जिम्मेदार मैं स्वयं हूं अधिकारीगण तो आते जाते रहते हैं कुछ समय ही एक स्थान पर रहते हैं।



**गौरव बंसल**
शासन और प्रशासन



**दीपक कांत गुप्ता**
आप और मै



**गगन सिंह अरोरा**
कभी दुहाई से बागपत की तरफ जाओ। केएमपी से बागपत से पहले किसानों द्वारा पराली जलाई जाती है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा।



**मुरारी साहु**
हम जिम्मेदार



**गब्बर सिंह**
शुक्र है पराली को जिम्मेदार नहीं माना इस बार



**सुभाष चंद गौतम**
गाजियाबाद की हालत बीजेपी के नेताओं की वजह से है।



**आदिल लाला**
शासन जिम्मेदार है।



**सुजीत गिरि**
राजीव कॉलोनी वार्ड संख्या 28 मोहन नगर में सीवर लाइन वालों ने में रोड चारों तरफ खोदकर छोड़ दिया और सारे दिन इस पर यातायात चलने से धूल धाकड़ से भरा रहता है एक तो पहले से ही प्रदूषण की मार दूसरा इन धूल से लोगों का दम घुट रहा है,



**स्वामी मोहन**
जितना भी बढ़ जाए लोगों को मंदिर मस्जिद से फुर्सत नहीं है! नेहरू जी जिम्मेदार हैं



**संजीव जांगीद**
जब गाजियाबाद गुरुग्राम जैसा बना है तो इतना तो बनता ही है।



**पवन गौतम**
पहाड़ों पर भी यहीं हाल है।



**तेजवीर मान**
केजरीवाल ने दिल्ली में रोहिंग्या बसा रखें है जिनकी वजह से गाजियाबाद की हवा में भी प्रदूषण दिल्ली से ही आ रहा है



**मुकेश राघव**
भाई साहब जी हमारे इधर भी शांति नगर न्यू शांति नगर डूंडाहेड़ा क्रॉसिंग में कार्बन फैक्ट्री का प्रदूषण काफी हो रहा है कोई सुनवाई नहीं हो रही



**मनोज कुमार बोहरा**
जिम्मेदारी स्वयं से खुद पर लेनी पड़ेगी। अगर शासन प्रशासन संज्ञान नहीं ले रहा तो उनको जगाने की जिम्मेदारी हमारी खुद की भी है। तो दोषी शासन प्रशासन के साथ सभी लोग है।



# राजनगर एक्सटेंशन के मंदिरों में चोरी करने वाले चार शातिर गिरफ्तार

## डीसीपी सिटी ने टीम को दिया 25000 का ईनाम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सिटी जोन की नंदग्राम थाना पुलिस ने राज नगर एक्सटेंशन की बड़ी-बड़ी सोसायटियों के मंदिरों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले गिरोह के चार शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक मोटरसाइकिल, एक स्कूटी, एक स्प्लेंडर, दान पत्र से चुराए गए रुपए और कई अन्य सामान बरामद किया है।

बताया जा रहा है कि बीते तीन महीनों के दौरान चोरों के इसी गिरोह ने एक दर्जन से अधिक मंदिरों में एक के बाद एक चोरी की वारदात की थीं। खास बात यह है कि इसमें चोरी करने वाले अमन खान और सनी चौधरी दोनों यहां की सोसाइटी में पहले रेकी करते और फिर मंदिर को टारगेट किया करते थे। बुधवार को डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार, एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने प्रेसवार्ता कर चोरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।



## -नंदग्राम थाना प्रभारी और मोरटा चौकी इंचार्ज की टीम कर रही थी चोरों की तलाश

### सनी और अमन चुनते थे चोरी के लिए सोसायटी

करंट क्राइम : थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह ने बताया है की चोरी के इस गिरोह का मास्टरमाइंड अमन खान और सनी चौधरी हैं। अमन खान पर नंदग्राम में चोरी के चार मुकदमे, मेरठ के प्रतापपुर में वाहन चोरी और थाना ई-थेफ्ट दिल्ली में मिलाकर कुल छहे मुकदमे दर्ज हैं। तो वही सनी चौधरी पर पांच मुकदमे दर्ज हैं। इसके साथ ही अभियुक्त बॉबी और पीयूष पर भी पांच-पांच मुकदमे दिल्ली, मेरठ और गाजियाबाद में दर्ज हैं। यह सब चोरी करने में अभ्यस्त हैं और नशे के शौक को पूरा करने के लिए चोरियां किया करते थे।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे मंदिर में चोरी के वीडियो और फोटो

करंट क्राइम : नंदग्राम पुलिस और अधिकारियों के लिए मंदिरों में लगातार हो रही चोरियों का मामला सिर दर्द बन रहा था। यहां के स्थानीय निवासी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और पुलिस के अधिकारियों को ट्विटर के माध्यम से अलग-अलग मंदिरों में होने वाली चोरी की फोटो, वीडियो अपलोड करते थे और कार्रवाई की मांग करते थे। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा, थाना प्रभारी नंदग्राम धर्मपाल सिंह और चौकी प्रभारी मोरटा कुलवंत सिंह की टीम को इस खुलासों के लिए लगाया था। खुलासे होने पर डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने टीम को खुलासा करने के लिए 25000 रुपये के ईनाम की घोषणा की है।

### दिन में करते थे मंदिर की रेकी, रात को दान पत्र कर देते थे साफ

करंट क्राइम : एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया है कि थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह और मोरटा चौकी प्रभारी कुलवंत सिंह की टीम इन चोरों की तलाश लंबे समय से कर रहे थे। पुलिस ने इस मामले में पीयूष उम्र 20 साल, बॉबी शर्मा उम्र 20, सनी चौधरी 22 वर्ष और अमन खान 19 वर्ष सभी निवासी नंदग्राम बोम्बे कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। यह सभी नशा करने के आदी हैं और चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करते थे। पुलिस ने बताया है कि दिन में यह राजनगर एक्सटेंशन की बड़ी-बड़ी सोसायटियों में सामान डिलीवरी करके नाम से एंट्री लेते थे और फिर मंदिर की रेकी कर रात को दान पत्र खाली कर दिया करते थे।

# कांग्रेस की बाबा साहेब अंबेडकर की फोटो हाथ में लेकर उतरने की मजबूरी बन गई: अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कांग्रेस पर पार्टी निशाना साधा है। भाजपा सांसद ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस बाबा साहेब अंबेडकर का विरोध करती रही है। अनुराग ठाकुर ने दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा कि नेहरू जी, गांधी परिवार और कांग्रेस की अंबेडकर विरोध सोच है। बाबा साहेब अंबेडकर की सोच थी कि एससी, एसटी, ओबीसी को आगे लाना है, उनको उनका हक दिलाना है लेकिन कांग्रेस उसका लगातार विरोध करती रही है। उनकी एक नहीं, चार-चार पीढ़ियों ने विरोध किया है। चाहें वो पंडित जवाहरलाल नेहरू हों, इंदिरा गांधी हों, राजीव गांधी हों या अब राहुल गांधी हों। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी ने अमेरिका जाकर यहां तक बयान दे दिया कि कैसे आरक्षण को खत्म करने की सोच है। नेहरू जी अंबेडकर जी को हराने के लिए प्रचार प्रसार करने के लिए खुद पहुंचे थे, आज उन्हीं की चौथी पीढ़ी को अंबेडकर जी की फोटो लेकर उतरना पड़ा, क्योंकि अमित शाह ने कांग्रेस का काला चिट्ठा खोलने का काम किया है। उन्होंने उनकी सच्चाई को सामने लाने का काम किया है कि कैसे कांग्रेस एससी, एसटी, ओबीसी की विरोधी रही है। इसके अलावा भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस की तीन पीढ़ियां क्रमशः चाहें नेहरू जी, इंदिरा गांधी या राजीव गांधी हों, तीनों की सरकारों में भी बाबा साहेब अंबेडकर को भारत रत्न नहीं दिया गया। जबकि उन्होंने खुद भारत रत्न ले लिया था। ये हमेशा बाबा साहेब के विरोधी रहे। वे बाबा साहेब को नीचा दिखाने का काम करते रहे, उन्हें प्रताड़ित करते रहे, उनको चुनाव हरवाते गए। बाबा साहेब अंबेडकर की फोटो हाथ में लेकर उतरने की आज उनकी मजबूरी बन गई है क्योंकि कांग्रेस का चेहरा बेनकाब हुआ है। कांग्रेस की एससी, एसटी, ओबीसी सोच को बेनकाब किया है। कांग्रेस की अंबेडकर जी के प्रति जो घृणा थी वो भी जग जाहिर हुई है।



# राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि केस में गवाही दर्ज, छह जनवरी को होगी सुनवाई

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमें में गवाही दर्ज कर ली गई है। राहुल ने 2013 में मुजफ्फरनगर दंगों को लेकर एक बयान दिया था। समुदाय विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि केस में बुधवार को गवाही दर्ज की गई। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने मामले में अगली सुनवाई के लिए छह जनवरी की तिथि नियत की है।

कोतवाली नगर के घरहा खुर्द गांव निवासी मो. अनवर ने वर्ष 2013 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद कोर्ट में दायर किया था। उनका आरोप है कि 24 अक्तूबर 2013 को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के इंदौर में चुनावी सभा में कहा था कि उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के दंगा पीड़ित युवक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से संपर्क साध रहे हैं। राहुल गांधी के इस बयान से परिवादी मो. अनवर की भावनाएं आहत हुई थी। बुधवार को शहर के दरियापुर निवासी विशाल बरनवाल की गवाही दर्ज की गई। मामले में अगली सुनवाई छह जनवरी को होगी।



# कांग्रेस ने तथ्यों को तोड़-मरोड़कर मेरे बयान को किया पेश : अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान डॉ. बीआर आंबेडकर को लेकर दिए बयान पर सियासत गरमा गई है। विपक्ष लगातार शाह से इस्तीफा मांग रहा है। अब गृह मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि दोनों सदनों में संविधान की गौरव गाथा पर चर्चा होनी थी। संसद में जब चर्चा होती है तो एक बात कॉमन होती है कि तथ्यों पर बात होनी चाहिए। मगर कांग्रेस कल से तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रही है। यह निंदनीय है।

उन्होंने शुरूआत में कहा, 'विगत सप्ताह में संसद में लोकसभा और राज्यसभा में संविधान को स्वीकार किए हुए 75 साल के मौके पर संविधान की रचना, संविधान निमार्ताओं के योगदान और संविधान में प्रस्थापित किए गए आदर्शों पर एक गौरवमयी चर्चा का आयोजन हुआ। इस चर्चा में 75 साल की देश की गौरव यात्रा, विकास यात्रा और उपलब्धियों की भी चर्चा होनी थी। ये तो स्वाभाविक है कि जब लोकसभा और राज्यसभा में पक्ष-विपक्ष होते हैं, तो हर मुद्दे पर लोगों का, दलों का और वक्ताओं का नजरिया अलग-अलग होता है। मगर संसद जैसे देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक फोरम में जब चर्चा होती है, तब इसमें एक बात कॉमन होती है कि बात तथ्य और सत्य के आधार पर होनी चाहिए।'

# यूपी विधानसभा का घेराव करने जा रहे कांग्रेसी गिरफ्तार, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय हुए बेहोश

**अमेठी।** यूपी विधानसभा का घेराव करने के लिए लखनऊ आ रहे कांग्रेसियों को हाउस अरेस्ट करने के साथ ही उन्हें जिलों में ही रोक लिया गया। वहीं, लखनऊ पार्टी कार्यालय पर मौजूद कांग्रेस कार्यकताओं को गिरफ्तार कर ईको गार्डेन भेज दिया गया।

यूपी विधानसभा का घेराव करने के लिए लखनऊ कूच की तैयारी में लगे कांग्रेस नेताओं को बुधवार को प्रदेश के अलग-अलग जिलों में ही रोक लिया गया और वरिष्ठ नेताओं को नजर बंद कर दिया गया। वहीं, लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर पहुंचे कांग्रेसियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और ईको गार्डेन में जाकर छोड़ दिया। वहीं, जिन नेताओं ने भी विधान भवन पहुंचने का प्रयास किया पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया। घेराव करने जा रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। धक्कामुक्की के दौरान वो कुछ देर के लिए बेहोश हो गए।

कांग्रेस विधायक व यूपी विधानसभा में कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने विधान भवन में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के पास प्रदर्शन किया और प्रदेश की कानून व्यवस्था व किसानों के मुद्दे उठाए। पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने विधानसभा में कार्रवाई के दौरान भी सवाल उठाए और कहा कि कांग्रेस कार्यकताओं व नेताओं को जिलों से प्रदर्शन के लिए लखनऊ नहीं आने दिया जा रहा है। इस पर संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि किसी भी अव्यवस्था को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन काम कर रहा है। इसके पहले बुधवार सुबह जैसे ही कांग्रेसी नेताओं का लखनऊ पहुंचना शुरू हुआ। उन्हें रोकने के लिए जिलों में कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट किया जा रहा है और जगह-जगह बैरीकेडिंग कर दी गई। लखनऊ में कांग्रेस कार्यालय के बाहर आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) के जवानों की तैनाती कर दी गई। कांग्रेस कार्यालय के बाहर मौजूद नेताओं की गिरफ्तारी की तैयारी शुरू कर दी गई।



### विधानसभा का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों की गिरफ्तारी शुरू, भारी पुलिस बल तैनात

पुलिस की ओर से भेजे नोटिस में कहा गया है कि विधानसभा का तृतीय सत्र चल रहा है। इसमें घेराव से कानून व्यवस्था व विशिष्ट लोगों की सुरक्षा व्यवस्था के लिये गम्भीर खतरा पैदा हो सकता है। इसलिए निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता प्रभावी है। ऐसे में कोई घेराव, धरना व शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया जाता है तो आपके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन नेवा पर शिफ्ट हुई हिमाचल प्रदेश विधानसभा, कहीं भी देख सकेंगे कार्यवाही

**कांगड़ा।** शीत सत्र के पहले दिन विधानसभा सदन में अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने नई प्रणाली का शुभारंभ किया। हिमाचल प्रदेश विधानसभा तपोवन ई-विधान प्रणाली को छोड़कर राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन नेवा पर शिफ्ट हो गई है। बुधवार को शीत सत्र के पहले दिन विधानसभा सदन में अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने नई प्रणाली का शुभारंभ किया। अब हिमाचल प्रदेश प्रदेश के विधानसभा सदन की कार्यवाही, कार्यप्रणाली तथा क्रिया-कलापों को राष्ट्र स्तर पर भी देखा जा सकेगा।



### शिमला में नेवा के लिए 12 करोड़ की डीपीआर भेजी

पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय ने शिमला विधानसभा के कौंसिल चैंबर में नेवा की स्थापना के लिए 12 करोड़ की डीपीआर मंत्रालय को भेजी है। शिमला विधानसभा में ही सबसे ज्यादा बैठकें बजट तथा मानसून सत्र में आयोजित की जाती हैं।

### मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को किया याद

सुक्खू ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत राजीव गांधी ने डिजिटल इंडिया की परिकल्पना की थी। शिमला विधानसभा की डीपीआर को जल्द मंजूर करने के लिए वह स्वयं भी केंद्रीय मंत्री से मुलाकात करेंगे। उधर, नेता विपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार डिजिटल इंडिया को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि साल 2020 में प्रदेश में पहला डिजिटल बजट पेश करने का उन्हें मौका मिला था।

### सालाना 10 से 15 टन कागज की होगी बचत

विस अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन के लागू होने से आज हमारा स्तर राज्य से राष्ट्रीय हो गया है। नेवा के लागू होने से हमारी विधानसभा भी राज्यसभा, लोकसभा तथा अन्य विधानसभाओं की तरह एक ही प्लेटफार्म पर आ गई है। नेवा के माध्यम से भी सदस्य सीधे जनता से जुड़ेंगे तथा कार्य में तीव्रता, पारदर्शिता आएगी तथा कागज के बोझ से निजात मिलेगी। नेवा जनप्रतिनिधियों को जनता के साथ एक डिजिटल ब्रिज के रूप में जोड़ने का कार्य करेगी। विधानसभा का कार्य डिजिटल होने की वजह से प्रतिवर्ष लगभग 10 से 15 टन कागज की भी बचत होगी।

# 'सुझाव और मांग के लिए कोर्ट के दरवाजे हमेशा खुले', किसानों द्वारा बातचीत से इनकार करने पर सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल उच्चस्तरीय समिति से मिलने से इनकार कर दिया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम साफ करना चाहते हैं कि अदालत के दरवाजे किसानों या उनके प्रतिनिधियों द्वारा किसी भी मांग या सुझाव के लिए हमेशा खुले हैं। सुप्रीम कोर्ट ने खनौरी बॉर्डर पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को लेकर पंजाब सरकार को चेताया। साथ ही कोर्ट ने कहा कि अगर जगजीत सिंह डल्लेवाल के साथ कुछ भी अनहोनी हुई तो इसके लिए पंजाब सरकार जिम्मेदार होगी।

बता दें कि किसान नेता डल्लेवाल 23 दिनों से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे हुए हैं। इसको लेकर कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हम साफ करना चाहते हैं कि अदालत के दरवाजे किसानों या उनके प्रतिनिधियों द्वारा किसी भी मांग या सुझाव के लिए हमेशा खुले हैं। साथ ही कोर्ट ने दल्लेवाल के स्वास्थ्य पर भी संज्ञान लिया और पंजाब सरकार से जल्द से जल्द चिकित्सा सहायता देने को कहा।



### पंजाब सरकार का जवाब

पंजाब सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि खनौरी बॉर्डर पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और अन्य किसानों से कई बार बातचीत की गई, लेकिन उन्होंने उच्चस्तरीय समिति से मिलने से इंकार कर दिया।

### पंजाब सरकार कर रही कोशिश- गुरमिंदर सिंह

पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ को बताया कि समिति ने 17 दिसंबर को किसानों को बैठक में बुलाया था, लेकिन वे इसमें शामिल नहीं हुए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को रोजाना समझाने की कोशिश कर रही है।

# बिहार सरकार ने फिल्म सिटी के लिए केंद्र से 200 करोड़ की सहायता मांगेगी

**पटना।** बिहार सरकार प्रदेश में फिल्म सिटी बनाने को लेकर प्रयासरत है। इसके लिए सरकार ने केंद्र से सहयोग मांगने का निर्णय लिया है। बिहार सरकार इस परियोजना के लिए केंद्र से 200 करोड़ रुपए की सहायता लेने का प्रस्ताव भेजने जा रही है। कला संस्कृति एवं युवा विभाग कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि सूबे में फिल्म सहित रचनात्मक उद्यम के विकास के लिए विभाग की ओर से बहुसूत्रीय प्रयास किए जा रहे हैं। कला, संस्कृति और युवा विभाग के मंत्री विजय सिन्हा ने कहा, हम बिहार में फिल्म उद्योग को स्थायी आधार देने के लिए 'फिल्म सिटी' विकसित करने जा रहे हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अनुमति से स्थान का चयन किया जाएगा। फिल्म सिटी में विश्व स्तरीय सुविधाएं मुहैया कराने के प्रयास में हम केंद्र सरकार से भी सहयोग लेंगे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 200 करोड़ रुपए की सहायता का प्रस्ताव भेजने जा रहे हैं। उन्होंने बताया, ₹फिल्म निर्माण से जुड़ी बारीकियों के अध्ययन के लिए पुणे का फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान एक विश्व स्तरीय केंद्र रहा है। इस संस्थान के क्षेत्रीय केंद्र पश्चिम बंगाल, केरल, अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों में रहे हैं। बिहार जैसे युवा राज्य में आज इसकी व्यापक उपयोगिता है। हम लोगों ने राज्य में एफटीआईआई के क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना की पहल की है। उन्होंने कहा कि हम नाट्य विधा को संरक्षित और सुरक्षित करते हुए उससे जुड़ी पढ़ाई और प्रशिक्षण हेतु राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की तर्ज पर बिहार नाट्य विद्यालय शुरू करने जा रहे हैं। इस नाट्य विद्यालय के गठन की प्रक्रिया कैबिनेट के अनुमोदन के तत्काल बाद शुरू कर दी जाएगी। राज्य से बाहर दो स्थानों पर बिहार महोत्सव कराए जाने की परिपाटी रही है। साल 2024-25 के लिए हम उत्तर और दक्षिण भारत के एक-एक स्थान पर इसका आयोजन कराने जा रहे हैं।



# भिवानी पहुंचे सीएम नायब सैनी

## बोले: कांग्रेस गुटबाजी का शिकार, प्रदेशाध्यक्ष का इस्तीफा मांगकर अच्छा किया

**भिवानी।** भिवानी में बुधवार को शादी समारोह में शिरकत करने के लिए मुख्यमंत्री नायब भिवानी पहुंचे। शादी समारोह में शिरकत के बाद प्रैस वार्ता में मुख्यमंत्री ने वन नेशन-वन इलेक्शन बिल पास होने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन से देश का समय व खर्च बचेगा। वन नेशन-वन इलेक्शन बिल पास होने से पंचायत, नगर पालिका, विधानसभा व लोकसभा चुनाव में लोगों को नहीं उलझना पड़ेगा। इससे देश का समय बचेगा व विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। किसान के रेल रोको आंदोलन पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार को किसानों से बात कर उनकी समस्या का हल निकालना चाहिए। कांग्रेस शासित राज्य हिमाचल, कर्नाटक व तेलंगाना की सरकारों को न्यूनतम समर्थन मूल्य किसानों को देना चाहिए। हरियाणा सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही है।एमएसपी व भावांतर भरपाई जैसी योजनाओं का किसानों लाभ मिल रहा है। हरियाणा में सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही है। कांग्रेस नेताओं पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यदि कांग्रेस अपने कार्यकाल में लोगों के कार्य करती तो लोग उनका चुनाव में साथ देते। कांग्रेस नेता विरेंद्र सिंह द्वारा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान का इस्तीफा मांगें मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस गुटबाजी का शिकार है। उन्होंने उदयभान का इस्तीफा मांग कर अच्छा कार्य किया है।



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





नई दिल्ली। गुरुवार 19 दिसंबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

# लव, सेक्स और धोखा : युवती का धर्मांतरण कराने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## आत्महत्या करने वाली मृतका थी गर्भवती, जांच रिपोर्ट से हुआ खुलासा

## युवती का मंकी ड्रग्स देकर करता था शारीरिक शोषण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** घंटाघर कोतवाली पुलिस सिटी जोन ने एक सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए खुद को आग के हवाले करते हुए आत्महत्या करने वाली युवती के बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरोपी उसका बीते कई सालों से शारीरिक, मानसिक शोषण कर रहा था। उसको मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए परेशान करता था। उसने मुस्लिम धर्म अपनाने और उसे मुस्लिम पुस्तक पढ़ाने के साथ ही नमाज पढ़ने और धर्म परिवर्तन करने के लिए मुस्लिम ट्यूटर भी लगवाया था। पुलिस का दावा है कि जिस युवती ने आरोपी फराज के चक्कर में आत्महत्या की है। उसको पहले शादी का झांसा देकर अब तक साढ़े लाख लाख रुपये भी ले चुका है। साथ ही आरोपी युवती की 20 करोड रुपए की प्रॉपर्टी भी हड़पना चाहता था। युवती के पिता ने जो शिकायत दर्ज कराई है, उसके अनुसार लड़का उनकी बेटी को मंकी ड्रग्स भी देता था। युवती का कई बार गर्भपात कराया गया है। मृतका के पिता भी कैंसर की गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। इस मामले में पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि इस मामले में पुलिस ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी प्रस्तुत किए हैं। जिससे साफ हो रहा है कि आरोपी फराज अथर निवासी थाना सेक्टर-39 युवती का शारीरिक, मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न कर रहा था। जिसकी वजह से उसने आग लगाकर आत्महत्या की और अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। पुलिस ने बुधवार को प्रेसवार्ता करते हुए खुलासा किया है।

## पुलिस का दावा आरोपी फराज युवती को मुस्लिम धर्मांतरण के लिए करता था परेशान

### युवती की करोड़ों की संपत्ति पर थी आरोपी फराज की नजर

**करंट क्राइम :** डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने कहा है इस पूरे मामले में पुलिस ने फराज के खिलाफ तमाम इलेक्ट्रॉनिक्स और डिजिटल एविडेंस बरामद किए हैं। इस पूरे मामले में पुलिस आरोपी और उसके परिजनों को कड़ी सजा दिलवाएगी। पुलिस का दावा है कि युवती की करीब 20 करोड रुपए की संपत्ति उसके हिस्से में आती थी, जिस पर फराज की नजर थी। फराज ने एमबीए की पढ़ाई की हुई है और वह खुद की एक फैक्ट्री चलाता था। फराज का भाई वकील है। पुलिस ने जानकारी दी है की युवती के संपर्क में वह अपने दोस्तों के जरिये आया था। फिर उसने युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाया और उसका शारीरिक ,मानसिक और आर्थिक शोषण किया। जब युवती नहीं मानी और उसने अपनी करोड़ों की संपत्ति नहीं दी तो आरोपी ने युवती के चरित्र पर ही उंगली उठाते हुए उससे रिश्ता तोड़ दिया और उसे अकेला छोड़ दिया था।

### युवती ने खुद की जान देने से पहले फराज को की थी 120 फोन कॉल और भेजा था वॉइस मैसेज

**करंट क्राइम :** डीसीपी सिटी राजेश कुमार और एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने प्रेसवार्ता में जानकारी दी है कि 11 दिसंबर को युवती ने जब एक मकान में केरोसिन का तेल डालकर खुद को आग के हवाले किया था और आत्महत्या की थी। उपचार के दौरान युवती की मौत हो गई थी, उसदिन जब पुलिस ने युवती का फोन लिया था, तो उसने फराज को 120 बार फोन कॉल किए थे। साथ ही जब फराज का फोन कॉल नहीं उठा, तो उसने वॉइस मैसेज भी भेजा था। युवती अपने प्रेमी जो मंगेतर होने वाला था, उसे इस कदर परेशान हो गई थी कि वह आत्महत्या करने को मजबूर हो गई। पुलिस ने बताया है कि व्हाट्सएप के तमाम ऐसे चैट्स भी बरामद हुए हैं। जिसमें युवक-युवती को मुस्लिम धर्म अपनाने और धर्म परिवर्तन के लिए लगातार प्रोत्साहित और बाध्य करता था।

### मंकी ड्रग्स से लेकर लव, सेक्स और धोखे से जुड़ा है पूरा मामला

**करंट क्राइम :** इस पूरे मामले में पुलिस की अब तक की जांच बता रही है कि पहले दोनों में दोस्ती हुई, फिर प्रेम-प्रसंग और फिर शादी के बंधन में बांधने की कसमें खाई गईं लेकिन इस दौरान युवक ने युवती को मंकी ड्रग्स देकर नशे की लत लगा दी थी। वह उसका शारीरिक शोषण करता था, उसके तमाम वीडियो, फोटो और मैसेज को लेकर उसे ब्लैकमेल करता था और यही वजह थी की युवती ने फराज से परेशान होकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी।

### नवंबर में हुई थी इंगेजमेंट और दिसंबर में था शादी का प्लान

**करंट क्राइम :** इस पूरे मामले में घंटाघर कोतवाली पुलिस जांच कर रही है। एसीपी से लेकर डीसीपी इस पूरे मामले को गहनता से देख रहे हैं। पुलिस के अधिकारियों का दावा है की युवती की इस युवक के साथ नवंबर माह में एक निजी बड़े होटल में इंगेजमेंट हुई थी। इंगेजमेंट के बाद दिसंबर में शादी का प्लान था लेकिन फराज युवती से दूरियां बनाने लगा था। युवती से शादी को इंकार करता था। बताया जा रहा है की युवती ने अपनी 20 करोड़ रुपए की जो प्रॉपर्टी थी, उसमें इस हिस्सेदारी देने से मना कर दिया था। यह उसे बार-बार शारीरिक, मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न करने के बाद परेशान भी करता था लेकिन युवती को धक्का उस वक्त लगा जब इसने युवती के चरित्र पर उंगली उठाई और कई युवकों से उसके संबंध होने की बात इसके दोस्तों को बताइए थी।

### फराज ने युवती को भेजे थे इस्लामिक लिंक और धर्मांतरण करने का दिया था आदेश

**करंट क्राइम :** इस पूरे मामले में एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी का कहना है कि पुलिस ने युवती के मोबाइल फोन, उसकी पर्सनल डायरी और उसके कमरे से मिले सामान को अपने कब्जे में लिया है, जो इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि आरोपी फराज ने युवती को इस्लामी लिंक भेजे थे ताकि वह अपना धर्मांतरण करा सके। साथ ही वह एक युवक से उसकी ट्यूशन दिलवाता था ताकि वह इस्लाम धर्म की बारीकियां जाने और इसे अपनाने के लिए बाध्य हो। इसके साथ ही पुलिस को पांचों समय की नमाज कैसे पढ़ी जाती है, उसके क्या फायदे होते हैं और उसे नमाज क्यों पढ़नी चाहिए। इस तरीके के कई नोटिस भी युवती के एक लैटर पैड से बरामद हुए हैं।

### पुलिस के सामने बोला आरोपी मैं सो रहा था, इसीलिए नहीं उठाया फोन

**करंट क्राइम :** बुधवार को जब पुलिस लाइन के सभागार में पुलिस ने आरोपी फराज को मीडिया के सामने पेश किया, तो फराज बोला कि उसे लड़की ने 120 क्या 200 बार भी फोन किया होता, तो वह क्या करता। वो बीमार था और नींद में सो रहा था, इसीलिए फोन नहीं उठा पाया। साथ ही उसने कहा है कि उसे लड़की के परिवार वाले फंसा रहे हैं। जो उसपर आरोप लगाए जा रहे हैं, उसमें कोई सच्चाई नहीं है। उधर इस मामले में पुलिस का कहना है कि जो भी सबूत मिले हैं, उसके आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

## मुलाकात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गाजियाबाद शहर विधायक संजीव शर्मा को पटका पहनाकर किया सम्मानित। केशव मौर्य का इतना स्नेह और सम्मान देने के लिए गाजियाबाद शहर विधायक संजीव शर्मा ने आभार व्यक्त किया। केशव प्रसाद मौर्य का मार्गदर्शन और प्रेरणा हमें जनसेवा और विकास के कार्यों में आगे बढ़ने का संबल प्रदान करती है।

## पंजाबी समाज सरदार तेजा सिंह की मूर्ति गाजियाबाद में शीघ्र स्थापित करेगा : हिमांशु लव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद से प्रथम विधायक स्व० सरदार तेजा सिंह को आज गाजियाबाद का समाज लगभग भूल चुका है। अभीत क गाजियाबाद में किसी भी स्थान पर स्व० सरदार तेजा सिंह, जो कि गाजियाबाद के प्रथम विधायक थे और जिन्होंने साइकिल पर अपना प्रचार करके और पूर्ण विधायकी काल साइकिल से ही चलाई। ऐसे विधायक को आज गाजियाबाद समाज भूल चुका है। गुरुनानक विद्यालय उन्हीं के द्वारा स्थापित किया गया था। गुरुनानक विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा भी उनकी प्रतिमा विद्यालय में स्थापित नहीं की गई। अब पंजाबी समाज ने यह बीड़ा उठाया है, गाजियाबाद का पंजाबी समाज व कविवर कृष्ण मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट सरदार तेजा सिंह की मूर्ति गाजियाबाद में शीघ्र स्थापित करेगा। यदि संभव हुआ तो उपरोक्त मूर्ति की स्थापना गुरूनानक विद्यालय में ही की जायेगी अन्यथा गाजियाबाद नगर निगम से निवेदन करके किसी उचित स्थान पर गाजियाबाद के प्रथम विधायक सरदार तेजा सिंह की मूर्ति पंजाबी समाज व कविवर कृष्ण मित्र चैरिटेबल ट्रस्ट स्थापित करने का प्रयास करेगा।

# वार्ड-21 और 19 के प्रत्याशियों की ईवीएम खुलेगी आज पुलिस-प्रशासन ने काउंटिंग की व्यवस्था संभाली

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** गुरुवार को नगर निगम के दो वार्डों में पार्षदों के लिए उपचुनाव का परिणाम घोषित किया जाएगा। जिसमें वार्ड-19 मुकंदनगर-पटेल नगर और वार्ड- 21 भोवापुर में कौन विजयी होगा यह गुरुवार को 11 बजे तक साफ हो जाएगा। सहायक चुनाव अधिकारी विशाल सिंह ने बताया है कि मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू होगी। वार्ड-19 में मतगणना के लिए एक टेबल लगाई गई है। इस वार्ड की वोटों की गिनती 12 राउंड में होगी। इस वार्ड में 12 बूथ बनाए गए थे, इसके अलावा वार्ड-21 के वोटों की गिनती के लिए भी एक टेबल लगाई गई है। यहां वोटों की गिनती 11 राउंड में पूरी हो जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि करीब दो से तीन घंटे में ही परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। ईवीएम मशीनों को सुरक्षा के बीच रखा गया है और गुरुवार को होने वाली मतगणना कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई केंद्र पर होगी। जनसुनवाई केंद्र के आसपास बैरिकेडिंग की गई है और यहां पुलिस बल भी काउंटिंग की वजह से तैनात रहेगी।

## 23 राउंड की होगी दोनों वार्ड में पूरी मतगणना, सुरक्षा में तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी





### कांग्रेस और भाजपा महानगर अध्यक्ष कर रहे हैं जीत का दावा

**करंट क्राइम ।** वार्ड-21 और 19 के लिए मतदान हो चुका है। मतदान होने के बाद भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष एवं शहर विधायक संजीव शर्मा दोनों ही सीट के लिए हुए उपचुनाव में विजयी होने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि वार्ड- 21 और 19 दोनों में ही कमल खिलेगा। वहीं कांग्रेस पार्टी के महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी का कहना है कि उन्हें दोनों ही वार्ड में जीत की उम्मीद है। कार्यकर्ताओं ने पूरी मेहनत और प्रत्याशियों ने अपना काम किया है। जनता ने भी पार्टी का साथ दिया है। उन्होंने कहा है कि परिणाम जो भी होगा ,उन्हें स्वीकार है और वह अभी जीत को लेकर आश्वस्त हैं।

**वार्ड संख्या - 21**

| प्रत्याशी का नाम | दल |
|---|---|
| ओमप्रकाश | कांग्रेस |
| बिन्नू राम | भाजपा |
| रीमा गौतम | निर्दलीय |

**वार्ड संख्या - 19**

| प्रत्याशी का नाम | दल |
|---|---|
| रेखा मकवाना | कांग्रेस |
| रंजीता कल्याणी | भाजपा |
| प्रियंका हांडा | असपा |
| राजकुमारी | निर्दलीय |

### आज खुलेगा सात प्रत्याशियों की जीत-हार का ईवीएम से राज

**करंट क्राइम ।** नगर निगम के उपचुनाव दो वार्डो में हुए। इसमें वार्ड-19 पटेल नगर-मुकुंद नगर और वार्ड-21 भोवापुर शामिल रहा। वार्ड-19 में जहां कांग्रेस,भाजपा, असपा और निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में थे। उनके लिए मंगलवार को वोट पड़े हैं, तो वहीं वार्ड-21 में कांग्रेस, बीजेपी और निर्दलीय ने ताल ठोकी है। अब कुल 7 प्रत्याशियों की किस्मत और जीत-हार की चाबी ईवीएम मशीन में कैद हो गई है। ईवीएम मशीनें आज खोली जाएंगी और गुरुवार को मतगणना होने के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे ।

## देहात जोन में फिर बदले समीकरण

## निवाड़ी थानाध्यक्ष लाइन हाजिर, प्रभु दयाल को मिला चार्ज

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले देहात जोन में बुधवार की रात थाने के प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया। तो वहीं प्रभु दयाल निरीक्षक भोजपरी को निवाड़ी का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं उपनिरीक्षक वेव सिटी को थाना मोदीनगर भेजा गया है।

बताया जा रहा है कि निवाड़ी थानाध्यक्ष गजेंद्र सिंह भाटी को पुलिस लाइन भेजा गया है। बीते दिनों निवाड़ी क्षेत्र में कई हत्याएं हुई थीं। उनका खुलासा नहीं हो रहा था। इसके साथ ही एक एनकाउंटर के मामला भी उनके लिए गले की फांस बना हुआ था। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि अधिकारियों ने काफी बचाव किया लेकिन मामला जब वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा, तो कार्रवाई का शिकार हो गए। वेव सिटी थाने से उपनिरीक्षक अंकित कुमार को थाना मोदीनगर भेजा गया है।

**क्या मुठभेड़ से दूरी और लगातार हत्या के खुलासे नहीं होने पर हुई कार्रवाई**




### लगातार हो रही थीं निवाड़ी थानाक्षेत्र में हत्या

**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि निवाड़ी थानाक्षेत्र में लगातार हत्या के मामले हो रहे थे और पुलिस उनका खुलासा नहीं कर पा रही थी। बीते दिनों यहां एक बच्चे का शव सूटकेस में मिला था। इस मामले में पुलिस खाली हाथ चल रही थीं। इसके साथ ही हत्या का एक मामला और भी पुलिस के लिए सर दर्द बना हुआ था।

### नए साल से पहले फिर बदलेंगे कई प्लेस

**करंट क्राइम ।** बुधवार को देहात थानाक्षेत्र में तबादला एक्सप्रेस चली है। यह भले छोटी थी लेकिन चर्चा शुरू हो गई है कि नए साल से पूर्व नदियापार को लेकर भी बदलाव वाली छोटी लिस्ट जारी हो सकती है। इसके साथ ही सिटी को लेकर भी एक दो नाम वाली लिस्ट आने की चर्चा सुनाई दे रही है।

# क्यों होने लगी है सांसद अतुल गर्ग की दिल्ली में रहने से दूरी वाली चर्चाएं

## सांसद बोले- जिसका फोन ना रिसीव किया हो, काम ना किया हो ऐसा एक नाम तो बताएं



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधायक अतुल गर्ग अब लोकसभा सांसद हैं। वो एक ऐसे सियासी परिवार से आते हैं जिनका जनसेवा का पुराना नाता है। उनके पिता स्व. डीसी गर्ग दो बार गाजियाबाद के मेयर रहे हैं। अतुल गर्ग स्वयं दो बार विधायक रहे हैं और वो उत्तर प्रदेश सरकार में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री तथा परिवार कल्याण एवं चिकित्सा तथा स्वास्थ्य मंत्री रहे हैं। अब अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं। अतुल गर्ग ने इन दिनों अपना ठिकाना दिल्ली कर लिया है। वो दिल्ली में ही निवास कर रहे हैं। इसी बीच गाजियाबाद में ये चचाएं शुरू हो गई कि अगर तुम्हें भी दिल्ली ही रहना था तो फिर लोकल-वोकल वाला नारा क्यों दिया, अब तुममे और उनमें क्या फर्क रहा। जनता मिलना भी चाहें तो क्या करें।

दैनिक करंट क्राइम ने इन चचाओं को लेकर सीधे लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से बात की। उन्हें बताया कि चुनाव से पहले ये जनधारणा थी कि अब आपके लिये दिल्ली दूर नहीं है, लेकिन सांसद बनने के बाद दिल्ली इतनी दूर हो गई कि आपको अपना निवास ही दिल्ली में शिफ्ट करना पड़ा। आप अपना सामान लेकर दिल्ली शिफ्ट हो गए। ऐसे में अगर लोकसभा क्षेत्र की जनता अपने सांसद से मिलना चाहे तो कैसे मुलाकात होगी। उनका कोई काम है तो कैसे होगा।

यहां पर सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि दिल्ली दूर नहीं है, लेकिन हालात कुछ ऐसे हैं कि संगठन के काम की वजह से ऐसा हो रहा है, लेकिन सांसद अतुल गर्ग ने जनता से दूरी की बात पर दृढ़ता से इनकार किया। उन्होंने कहा कि कामों की वजह से दिल्ली में रहना मजबूरी हो सकता है लेकिन मेरे क्षेत्र की जनता और मुझमें कोई दूरी नहीं है।

सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि एक ऐसे आदमी का नाम आप बताएं कि जिसने मुझे फोन किया हो और फोन रिसीव ना हुआ हो। कॉल बैक ना आई हो। उसकी बात नहीं सुनी हो। अगर किसी ने अपना कोई काम बताया तो मैंने लेटर ना लिखा हो, मैंने अधिकारियों से संपर्क ना किया हो। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं मिलेगा जिसे सांसद अतुल गर्ग ना मिले हों, काम ना किया हो। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि वह अपने क्षेत्र की जनता से जुड़कर चलते हैं और जनता अपने सांसद से पूरी तरह कनेक्ट है।

### दिल्ली चुनाव और संसद सत्र के बाद रोजाना मिलूंगा गाजियाबाद में

**करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि वह जनता के सांसद हैं और जनता के बीच रहते हैं। दिल्ली निवास वाली बात पर उन्होंने कहा कि चूंकि उन्हें दिल्ली प्रदेश के सह चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। वह सांसद के साथ-साथ पार्टी के कार्यकर्ता हैं और संगठन द्वारा जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी उसका पूरी निष्ठा के साथ पालन होगा। इस दायित्व को, जिम्मेदारी को ईमानदारी के साथ पूरा करने के लिये उन्हें दिल्ली में शिफ्ट होना पड़ा है, लेकिन इसका यह बिल्कुल मतलब नहीं है कि वह अपने शहर गाजियाबाद से दूर हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद तथा संसद का सत्र समाप्त होने के बाद वह रोजाना की भांति गाजियाबाद में मिलेंगे। जनता के लिये रोजाना दो घंटे उपलब्ध रहेंगे। क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान के लिये कृतसंकल्प हूं।

## संपादकीय

# श्रीलंकाई राष्ट्रपति की भारत यात्रा

श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके ने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुनकर जो संदेश देना चाहा, वह नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य नेताओं के साथ हुई उनकी बातचीत के दौरान स्पष्ट रूप में रेखांकित हुआ।

ठोस आश्वासन सबसे बड़ी और ध्यान खींचने वाली बात यह रही कि श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने साफ शब्दों में नई दिल्ली को आश्वस्त किया कि वह श्रीलंका की जमीन का इस्तेमाल भारत के हितों के खिलाफ नहीं होने देंगे। यह आश्वासन इस मायने में अहम है कि श्रीलंका के हंबनटोटा पोर्ट में बैलिस्टिक मिसाइलों को ट्रैक और सपोर्ट करने वाले चीनी जहाजों का खड़ा होना भारत के लिए चिंता का विषय रहा है। फिलहाल जरूर श्रीलंका ने इन जहाजों के आने पर रोक लगा रखी है, लेकिन इस रोक की समयसीमा अगले साल की शुरूआत में ही समाप्त होने वाली है। देखना होगा कि दिसानायके सरकार भारत से किए अपने इस वादे को आगे किस तरह से पूरा करती है। सहयोग पर जोर खास बात यह कि इस यात्रा में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के दीर्घकालिक नजरिये की झलक मिली। श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि भारत ने मुसीबत के समय उनके देश की जिस तत्परता से मदद की वह महत्वपूर्ण है और वह चाहते हैं कि भारत की मदद जारी रहे। इस संदर्भ में संयुक्त बयान की यह बात अहम हो जाती है कि दोनों नेताओं ने हिंद महासागर क्षेत्र में साझा हितों को लेकर पैदा होने वाली पारंपरिक और गैरपारंपरिक चुनौतियों का मिलकर सामना करने और इस क्षेत्र को 'मुक्त, खुला व सुरक्षित' बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई। तमिल मसले पर लचीलापन दोनों देशों के बीच बढ़ती करीबी का एक संकेत यह तथ्य भी है कि बदले हालात में दोनों पक्ष एक-दूसरे की मुश्किलों का ख्याल रखते हुए आगे बढ़ रहे हैं। इसका एक उदाहरण तमिल मुद्दे पर भारत के पुराने रुख में दिखा लचीलापन भी माना जा सकता है। भारत ने यह उम्मीद जरूर दोहराई कि श्रीलंका संविधान पर पूरी तरह अमल करते हुए प्रॉविंशियल काउंसिल के चुनाव कराएगा, लेकिन बयान में संविधान के 13वें संशोधन के जिक्र से बचा गया, जिसके मुताबिक तमिल अल्पसंख्यकों को ताकत देने की बात है। यह घरेलू मोर्चे पर दिसानायके सरकार के लिए राहत की बात मानी जा रही है।

चीन की यात्रा पर निगाहें दिसानायके अगले महीने चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं। चीनी कर्ज का जो बोझ आज भी श्रीलंका पर है, उसके मद्देनजर उन्हें चीन और भारत के बीच संतुलन बनाए रखते हुए ही बढ़ना होगा। देखने वाली बात यह होगी कि इस क्रम में वह भारत की चिंताओं को किस तरह से और किस हद तक प्राथमिकता में बनाए रखते हैं।

# वित्त वर्ष 2024 में 6.68 प्रतिशत आबादी ने फाइल किया आईटीआर : केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली।** संसद में दी गई जानकारी के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 में 7 प्रतिशत से कम आबादी ने आयकर रिटर्न फाइल किया। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने संसद में जानकारी देते हुए कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की 6.68 प्रतिशत आबादी ने आयकर रिटर्न फाइल किया, जो कि कुल 8,09,03,315 लोगों द्वारा आईटीआर फाइल करने को दशार्ता है। उन्होंने आगे कहा कि वित्त वर्ष 2024 में 8.09 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए गए, जबकि वित्त वर्ष 2023 में यह संख्या 7.40 करोड़ से अधिक थी। इससे पहले वित्त वर्ष 2022 और वित्त वर्ष 2021 में फाइल किए गए आईटीआर की संख्या क्रमशः 6.96 करोड़ और 6.72 करोड़ से अधिक थी। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि वित्त वर्ष 2020 में फाइल किए गए आईटीआर की संख्या 6.48 करोड़ से अधिक रही थी। केंद्रीय मंत्री ने संसद में जानकारी दी कि असेसमेंट ईयर 2023-24 में अपने आईटीआर में शून्य कर योग्य आय की रिपोर्ट करने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या 4.90 करोड़ है, जो 2022-23 में 4.64 लाख थी। इसके अलावा, आयकर विभाग द्वारा एकत्रित आंकड़ों के अनुसार, भारत में आयकर रिटर्न दाखिल करने वाली महिलाओं की कुल संख्या में पिछले चार वर्षों में 25.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आईटीआर फाइल करने वाली महिलाओं की संख्या असेसमेंट ईयर 2019-20 में 1.83 करोड़ से बढ़कर असेसमेंट ईयर 2023-24 में 2.29 करोड़ से अधिक हो गई है। आयकर रिटर्न फाइल करने वालों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी अच्छी तनख्वाह वाली



नौकरी पाने वाली या अपना खुद का व्यवसाय चलाने वाली महिलाओं की बढ़ती संख्या को दशार्ता है। असेसमेंट ईयर 2024-25 में आयकर रिटर्न (आईटीआर) की कुल संख्या, जिसमें व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट दोनों शामिल हैं, 7.97 करोड़ को पार कर गई। आंकड़ों से पता चलता है कि असेसमेंट ईयर 2023-2024 के लिए महाराष्ट्र में आईटीआर फाइल करने को लेकर महिलाओं की संख्या सबसे अधिक रही, जहां 36,83,457 महिलाओं ने आयकर रिटर्न दाखिल किया, जो 23 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। इसके बाद गुजरात से 22,50,098 महिलाओं द्वारा आईटीआर फाइल किया गया, जो 24.4 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। उत्तर प्रदेश 20,43,794 महिलाओं द्वारा आईटीआर फाइल करने के साथ तीसरे स्थान पर रहा, जो इस अवधि के दौरान 29.2 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दशार्ता है।

## अनएकेडमी को वित्त वर्ष 24 में हुआ 285 करोड़ रुपये का नुकसान




**नई दिल्ली।** गौरव मुंजाल के नेतृत्व वाले एडटेक प्लेटफॉर्म अनएकेडमी को वित्त वर्ष 24 में 285 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। इससे पहले वित्त वर्ष 23 में कंपनी को 1,592 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। नुकसान में कमी आने की वजह कंपनी के खर्च का घटना है। वित्त वर्ष 24 में कंपनी का कुल खर्च 1,149 करोड़ रुपये रहा है, जो कि वित्त वर्ष 23 के आंकड़े 2,460 करोड़ रुपये से 53.29 प्रतिशत कम है। वित्त वर्ष 24 में अनएकेडमी का कर्मचारियों पर खर्च सालाना आधार पर 69.47 प्रतिशत कम होकर 340 करोड़ रुपये रह गया है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 1,114 करोड़ रुपये था। कंपनी के कर्मचारी खर्च घटने की वजह जुलाई में 250 कर्मचारियों की छंटनी और रिस्ट्रक्चरिंग एक्साइज थी। इसके अलावा कंपनी का विज्ञापन पर खर्च सालाना आधार पर 33 प्रतिशत घटकर 201.3 करोड़ रुपये रह गया है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 293.4 करोड़ रुपये था। अन्य खर्च जिसमें शिक्षक शुल्क, ऑफलाइन पार्टनर शुल्क, पेमेंट गेटवे गेटवे शुल्क और संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों की राइट-ऑफ शामिल है, वित्त वर्ष 24 में 762.5 करोड़ रुपये रहा है, जो कि पिछले वित्त वर्ष में 1,282.9 करोड़ रुपये था। हालांकि, कंपनी का टेक्निकल सर्विस पर खर्च वित्त वर्ष 24 में बढ़कर 297.7 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 283.6 करोड़ रुपये था।

# ईपीएफओ ने हायर पेंशन के लिए वेतन डिटेल्स अपलोड करने में दी राहत, 31 जनवरी अंतिम तिथि

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने बुधवार को नियोक्ताओं को उच्चतर वेतन पर पेंशन के लिए पेंडिंग 3.1 लाख से अधिक एप्लीकेशन के संबंध में वेतन डिटेल्स अपलोड करने के लिए 31 जनवरी, 2025 तक का समय दिया है। नियोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि वे 15 जनवरी, 2025 तक ईपीएफओ द्वारा स्पष्टीकरण मांगे गए 4.66 लाख केस में जवाब दें या जानकारी अपडेट करें। ईपीएफओ ने कहा कि अंतिम अवसर इसलिए दिया जा रहा है, क्योंकि कई एक्सटेंशन के बावजूद यह देखा गया है कि विकल्पों/संयुक्त विकल्पों के वैलिडेशन के लिए 3.1 लाख से अधिक एप्लीकेशन अभी भी नियोक्ताओं के पास पेंडिंग हैं। नियोक्ताओं और नियोक्ता संघों से भी कई रिप्रेजेंटेशन प्राप्त हुए हैं, जिनमें आवेदक पेंशनभोगियों/सदस्यों की वेतन डिटेल्स अपलोड करने की समय अवधि को और बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। ईपीएफओ ने कहा, ₹नियोक्ताओं और संघों से प्राप्त रिप्रेजेंटेशन के मद्देनजर नियोक्ताओं को वेतन डिटेल्स आदि ऑनलाइन जमा करने के लिए 30.09.2023 तक, फिर 31.12.2023 तक और उसके बाद 31.05.2024 तक कई अवसर दिए गए थे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नियोक्ता आवेदनों पर कार्रवाई करने में सक्षम हैं। ईपीएफओ द्वारा उच्च वेतन पर पेंशन के लिए विकल्पों/संयुक्त विकल्पों के वेरिफिकेशन के लिए आवेदन जमा करने के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराई गई थी यह सुविधा 4 अप्रैल, 2022 के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पात्र पेंशनभोगियों/सदस्यों के लिए थी। यह सुविधा 26 फरवरी, 2023 को शुरू की गई थी और केवल 3 मई, 2023 तक उपलब्ध रहनी थी। हालांकि, कर्मचारियों के रिप्रेजेंटेशन पर विचार करते हुए, पात्र पेंशनभोगियों/सदस्यों को आवेदन दाखिल करने के लिए चार महीने का समय प्रदान करने के लिए समय सीमा को 26 जून, 2023 तक बढ़ा दिया गया था।




पात्र पेंशनभोगियों/सदस्यों को होने वाली किसी भी कठिनाई को दूर करने के लिए 15 दिनों का अंतिम अवसर दिया गया। बयान में कहा गया है, इसके अनुसार, कर्मचारियों द्वारा विकल्प/संयुक्त विकल्प के वेरिफिकेशन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 11.07.2023 तक बढ़ा दी गई और 11.07.2023 तक पेंशनभोगियों/सदस्यों से विकल्प/संयुक्त विकल्प के वेरिफिकेशन के लिए कुल 17.49 लाख एप्लीकेशन प्राप्त हुए।

# अमेरिकी फेड के ब्याज दर निर्णय से पहले सेंसेक्स में गिरावट, निफ्टी 24,198 पर बंद




**मुंबई।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच बुधवार को घरेलू बेंचमार्क सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। अमेरिकी फेड की महत्वपूर्ण बैठक से पहले बाजार की धारणा सतर्क रही। अमेरिकी फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल गुरुवार (अमेरिकी समयानुसार) को फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक के दौरान पॉलिसी स्टेटमेंट जारी करने वाले हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, भारतीय बाजार में शुरूआती 'सैंटा क्लोज रैली' में गिरावट देखी जा रही है, जिसका असर विकसित बाजारों की तुलना में डॉलर के तेजी से बढ़ने के कारण भारत में अधिक स्पष्ट है। बाजार की धारणा सतर्क बनी हुई है, जो भारत के प्रीमियम वैल्यूएशन से और अधिक प्रभावित है। बुधवार को कारोबार के अंत में निफ्टी के मीडिया, पीएसई, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, मेटल, प्राइवेट बैंक और कमोडिटी सेक्टर में भारी बिकवाली देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 502.25 अंक या 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,182.20 और निफ्टी 137.15 अंक या 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,198.85 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 695.25 अंक या 1.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52,139.55 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 378.65 अंक या 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,723.25 पर बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 168.10 अंक या 0.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,230.35 पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,447 शेयर हरे और 2,558 शेयर लाल निशान में बंद हुए, जबकि 94 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। सेक्टोरल फ्रंट पर, निफ्टी के फार्मा, हेल्थकेयर और आईटी सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स पैक में टाटा मोटर्स, पावरग्रिड, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और एसबीआई टॉप लूजर्स थे। वहीं, टीसीएस, सनफार्मा, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, एमएंडएम, आईटीसी और इंफोसिस टॉप गेनर्स थे। एक रुपया 84.95 के स्तर पर बंद हुआ, जो डॉलर के मुकाबले इसका अब तक का सबसे निचला स्तर है।

## केंद्र सरकार ने एमएसपी पर की 6 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा दालों की खरीद

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा 2023-24 के रबी सीजन में एमएसपी पर 6.41 लाख मीट्रिक टन दालों की खरीद गई है और इसके लिए 2.75 लाख किसानों को 4,820 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। यह जानकारी कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा बुधवार को दी गई। किसानों से सरकार द्वारा खरीदी गई दालों में 2.49 लाख मीट्रिक टन मसूर, 43,000 मीट्रिक टन चना और 3.48 लाख मीट्रिक टन मूंग शामिल है। इसके अलावा सरकार ने 5.29 लाख किसानों से एमएसपी मूल्य पर 6,900 करोड़ रुपये की 12.19 लाख मीट्रिक टन तिलहन की खरीद की है। सरकार ने बयान में आगे कहा कि चालू खरीफ सीजन की शुरूआत में सोयाबीन का बाजार भाव एमएसपी से काफी नीचे चल रहा था, जिससे किसानों को काफी समस्याएं हो रही थी। पीएसएस योजना (पीएम आशा योजना का एक घटक) के तहत केंद्र के हस्तक्षेप से इस साल 11 दिसंबर तक एमएसपी मूल्य पर 2,700 करोड़ रुपये की वैल्यू की 5.62 लाख मीट्रिक टन सोयाबीन की खरीद की गई है, जिससे 2.42 लाख किसानों को लाभ हुआ है। यह अब तक खरीदी गई सोयाबीन की सबसे अधिक मात्रा भी है। 2018-19 से खरीद के आंकड़ों से पता चलता है कि केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना के तहत एमएसपी मूल्य पर 10.74 लाख करोड़ रुपये वैल्यू की लगभग 195.39 लाख मीट्रिक टन दलहन, तिलहन और खोपरा की खरीद की गई है। इससे 99.3 लाख किसानों को फायदा हुआ है। सरकार ने आगे कहा कि पीएम आशा का एक महत्वपूर्ण घटक बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) है। यह योजना जल्दी खराब होने वाली फसलों जैसे टमाटर, प्याज और आलू के लिए है। इस योजना को राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकार के अनुरोध पर तब लागू की जाती है, जब राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में पिछले सामान्य मौसम की दरों की तुलना में बाजार में कीमतों में कम से कम 10 प्रतिशत की कमी होती है।



## राशिफल

**मेष:** फाइनेंस और बिजनेस के लिए अनुकूल है। कारोबार में तरक्की की संभावना है। व्यवसाय की अनुकूल और प्रतिकूल परिस्थितियों का आकलन कर सकते हैं।

**वृष:** आज आपका दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके विचारों को महत्व दिया जाएगा।

**मिथुन:** राशि के जातकों को बुरी संगति से बचना चाहिए। लाभ कम और व्यापार में हानि अधिक हो सकती है। सहयोगी की भूमिका स्पष्ट रूप से तय करने में लगे रहेंगे।

**कर्क:** आज आप फाइनेंस और बिजनेस के मामले में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रहेंगे। लाभ पूरी तरह से आपकी अपनी क्षमताओं और प्रयासों पर निर्भर करेगा।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आपका मन सामाजिक कार्यों की ओर रहेगा। पड़ोसियों के बीच आपका कद बढ़ेगा।

**कन्या:** आज आत्मसंयम में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन में मनमुटाव हो सकता है। मन में नकारात्मक विचारों के कारण मन पर चिंता हो सकती है।

**तुला:** आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी और व्यापार में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। धर्मनिष्ठ और समयनिष्ठ लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक:** आज आप अपने अच्छे विचारों से लोगों को प्रभावित कर सकते हैं। आज मन के क्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। अनावश्यक खर्च नियंत्रण में रहेंगे।

**धनु:** धनु राशि वालों के प्रॉपर्टी के बड़े सौदे फायदेमंद रहेंगे। आर्थिक मामलों में आज अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। वरिष्ठ अधिकारियों से लाभ मिलेगा।

**मकर:** व्यापार के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। आज कोई नया निवेश न करें। आपका जन्म धनु राशि में हुआ है। आज चंद्रमा कर्क राशि में गोचर कर रहा है।

**कुंभ:** अनुभवी लोगों की राय लाभदायक रहेगी। आय के साधनों में वृद्धि होगी। आर्थिक सुख समृद्धि बनी रहेगी। जीवनसाथी से सुख मिलेगा।

**मीन:** प्रेम प्रस्ताव देने के लिए दिन ठीक है। मानसिक बेचैनी हो सकती है। जो करो ईमानदारी से करो। परिजनों के साथ आपकी तीखी नोकझोंक हो सकती है।

## चुटकुले

गोलू अपने दोस्तों को शायरी सुना रहा था,
गोलू ने कहा- ना ढूंढना मुझे इस दुनिया की तन्हाई में
दोस्त बोले- वाह-वाह
गोलू- ठंड बहुत है और मैं घुसा पड़ा हूं अपनी रजाई में

वकील- महिला से तुम्हारे पति की मौत कैसे हुई?
महिला- जहर खाने से।
वकील- तो फिर ये चोट के निशान उनके शरीर पर कैसे आए हैं?
महिला- वो जहर पीने से मना कर रहे थे।

मिंकू- शराब पीते पीते रोने लगा।
उमेश- क्या हुआ... रो क्यों रहे हो?
मिंकू- यार, जिस लड़की को भूलने के लिए पी रहा था उसका नाम याद नहीं आ रहा।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## करंट क्राइम
## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
## 19 12 2024 आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



प्रतिभा पाटिल
पूर्व राष्ट्रपति



कनिष्का, यक्षित, अंशिका दुबे, अर्चना सिंह, वीरेंद्र कुमार अग्निहोत्री, सुधीर त्यागी, वरूण नागर, मनोज गोयल, सुरेंद्र प्रताप सिंह, पवन चौहान, आदर्श धवन, दयाल शर्मा, संजय गुप्ता, धर्मेंद्र मलिक, सूर्या प्रताप, अय्यूब खान, सीपी बालियान, संजीव सिंह, विभूति पाण्डेय, सुनील निठौरा, प्रेम वत्स

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच गाबा टेस्ट ड्रॉ
## पांचवें दिन तेज बारिश के बाद लिया गया फैसला

**ब्रिस्बेन ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के सामने 275 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में भारत ने अपनी दूसरी पारी में बिना विकेट गंवाए आठ रन बना लिए थे। हालांकि, इसके बाद बारिश ने आगे का खेल नहीं होने दिया और दोनों कप्तानों ने मैच को ड्रॉ पर समाप्त करने का फैसला लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन बनाए थे। जवाब में भारत की पहली पारी 260 रन पर समाप्त हुई। ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 185 रन की बढ़त हासिल थी। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट गंवाकर 89 रन बनाए थे और उनकी कुल बढ़त 274 रन की हुई थी। यह पूरा मैच बारिश से बाधित रहा।




खराब रोशनी की वजह से खेल फिर रुक गया है। गाबा के ऊपर काले बादल मंडरा रहे हैं। इसी के साथ पहले ही चायकाल ले लिया गया। 275 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने बिना विकेट गंवाए आठ रन बना लिए हैं। फिलहाल यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल चार-चार रन बनाकर क्रीज पर हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 89/7 के स्कोर पर अपनी दूसरी पारी घोषित की थी।

भारत की दूसरी पारी की शुरूआत हो चुकी है। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल क्रीज पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क ने गेंदबाजी की शुरूआत की। ऑस्ट्रेलिया के पास तीन ही तेज गेंदबाज हैं। स्टार्क और कमिंस के अलावा टीम के पास मिचेल मार्श हैं। हेजलवुड चोटिल होकर पहले ही इस टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। पहले ओवर में तीन रन बने।

कप्तान पैट कमिंस के आउट होते ही ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी। कमिंस को बुमराह ने राहुल के हाथों कैच कराया। वह 10 गेंद में 22 रन बना सके। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 89 के स्कोर पर घोषित कर दी। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 185 रन की बढ़त हासिल थी।

# अश्विन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

**ब्रिस्बेन ।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिस्बेन में टेस्ट सीरीज के ड्रा रहे तीसरे मैच के बाद अश्विन ने यह फैसला लिया। एडिलेड में खेला गया डे-नाईट टेस्ट मैच उनका आखिरी टेस्ट मैच था।




अश्विन टेस्ट क्रिकेट में अनिल कुंबले के बाद भारत के दूसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के तौर पर संन्यास ले रहे हैं। उन्होंने भारत के लिए कुल 106 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उन्होंने 24 की औसत से 537 विकेट लिए। अश्विन ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान भारत के पहले तीन टेस्ट मैचों में से सिर्फ.एक ही टेस्ट (डे-नाइट टेस्ट) खेला, जिसमें उन्होंने 53 रन देकर एक विकेट लिया था। इससे पहले अश्विन भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुई टेस्ट सीरीज का हिस्सा थे, जहां भारत को 0-3 से करीब शिकस्त झेलनी पड़ी थी। उस सीरीज में अश्विन का प्रदर्शन काफी खराब रहा था। उन्होंने तीन टेस्ट मैचों में 41.2 की औसत से सिर्फ.नौ विकेट लिए थे। अश्विन विदेशी दौरों पर भारतीय टेस्ट एकादश का नियमित हिस्सा नहीं रहते हैं और भारत की अगली घरेलू सीरीज अगले साल नवंबर में है। उसके पहले भारत को इंग्लैंड गर्मियों के दौरान जाना है।

अश्विन के नाम छह टेस्ट शतक और 14 अर्धशतकों के साथ 3503 टेस्ट रन भी हैं और वह 300 विकेट व 3000 रन का डबल करने वाले दुनिया के सिर्फ.11वें ऑलराउंडर हैं। उनके नाम मुथैया मुरलीधरन के बराबर सर्वाधिक 11 प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड हैं। अगर वनडे क्रिकेट की बात की जाए तो उनके नाम 116 मैचों में 33 की औसत और 4.93 की इकॉनमी से 156 विकेट हैं ।

जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/25 रहा है। उन्होंने वनडे में एक अर्धशतक की मदद से 707 रन बनाए हैं जबकि टी20 में उन्होंने 65 मैचों में 6.90 की इकॉनमी और 23 की औसत से 72 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/8 का रहा है।

# सचिन तेंदुलकर ने अश्विन के संन्यास पर कहा आपकी विरासत सभी को प्रेरित करेगी

**नई दिल्ली ।** भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा कि संन्यास ले चुके ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की विरासत सभी को प्रेरित करती रहेगी। साथ ही उन्होंने चेन्नई के इस क्रिकेटर की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने खेल को मन और दिल से किस तरह से अपनाया।

38 वर्षीय अश्विन ने ब्रिस्बेन के गाबा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के ड्रॉ होने के बाद तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। इस मैच के लिए उन्हें नहीं चुना गया था।




तेंदुलकर ने ह्यएक्सह्न पर अपनी पोस्ट में लिखा, अश्विन, मैं हमेशा से आपकी प्रशंसा करता रहा हूं कि आपने खेल को मन और दिल से किस तरह से अपनाया। कैरम बॉल को बेहतरीन तरीके से खेलने से लेकर महत्वपूर्ण रन बनाने तक, आपने हमेशा जीत का रास्ता निकाला। आपको एक होनहार प्रतिभा से भारत के बेहतरीन मैच विजेताओं में से एक बनते देखना अद्भुत रहा है। आपकी यात्रा से पता चलता है कि सच्ची महानता प्रयोग करने और विकसित होने से कभी नहीं डरने में निहित है। आपकी विरासत सभी को प्रेरित करेगी। आपको दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं। अश्विन ने अपने 14 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत 106 टेस्ट मैचों में 24 की औसत से 537 विकेट लेकर किया और दिग्गज लेग स्पिनर अनिल कुंबले के बाद भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे, जिसमें टेस्ट मैचों में 37 बार पांच विकेट लेने का अविश्वसनीय रिकॉर्ड शामिल है, जो खेल के इतिहास में दूसरा सबसे ज्यादा रिकॉर्ड है, साथ ही आठ बार दस विकेट लेने का रिकॉर्ड भी शामिल है। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने भी अश्विन के शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर की तारीफ की। बिन्नी ने कहा, अश्विन की प्रतिभा पिछले कई सालों में भारतीय क्रिकेट की सफलता की आधारशिला रही है। एक विलक्षण प्रतिभा से लेकर क्रिकेट के इतिहास में सबसे महान ऑफ स्पिनरों में से एक बनने तक, उनकी उपलब्धियां बहुत गर्व का विषय है।

# शमी की उपलब्धता एनसीए की मंजूरी पर निर्भर : रोहित

**ब्रिस्बेन ।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से जब अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए उपलब्धता के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह सब राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की मंजूरी पर निर्भर करता है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाबा में तीसरे टेस्ट में भारत के ड्रॉ के बाद बोलते हुए, रोहित ने शमी की फिटनेस उपलब्धता के सवाल को एनसीए के हाथों में छोड़ दिया, जहां नवंबर 2023 में टखने की सर्जरी के बाद शीर्ष तेज गेंदबाज पुनर्वास से गुजर रहा है।

रोहित ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ₹मुझे लगता है कि एनसीए से किसी को उसके बारे में बात करने का समय आ गया है। यह हमारी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी है, जहां वह पुनर्वास कर रहा है। उन लोगों को ही आकर हमें किसी तरह की अपडेट देने की जरूरत है। लेकिन देखिए, मैं समझता हूं कि वह घर पर बहुत क्रिकेट खेल रहा है, लेकिन उसके घुटने के बारे में कुछ शिकायतें भी हैं।"

रोहित ने बीच सीरीज में चोटों के कारण होने वाली गड़बड़ी का जिक्र करते हुए चुटकी ली, ₹आखिरी चीज जो आप चाहते हैं वह यह है कि खिलाड़ी यहां आए और फिर खेल के बीच में बाहर हो जाए। आप जानते हैं कि जब ऐसा होता है तो क्या होता है,₹

शमी, जो नवंबर 2023 में भारत के वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई से बाहर हैं, ने घरेलू क्रिकेट के माध्यम से वापसी की है सर्जरी और गहन पुनर्वास कार्यक्रम के बाद, अनुभवी तेज गेंदबाज ने रणजी ट्रॉफी में प्रतिस्पर्धी वापसी की, इसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

शमी की घरेलू सफलता के बावजूद, भारतीय टीम प्रबंधन एनसीए से स्पष्ट हरी झंडी के बिना उनकी फिटनेस को जोखिम में डालने से हिचक रहा है। रोहित ने दोहराया कि अकादमी से केवल 200 प्रतिशत आश्वासन ही टीम को उन्हें टीम में लाने के लिए प्रेरित करेगा। ₹हम कोई जोखिम नहीं लेना चाहते हैं जब तक कि हम सौ प्रतिशत नहीं, 200 सौ प्रतिशत सुनिश्चित न हों। हम कोई जोखिम नहीं लेने जा रहे हैं। लेकिन हां, जैसा कि मैंने पिछली प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, दरवाजा खुला है। अगर एनसीए के लोगों को लगता है कि वह ठीक हो सकता है और खेल सकता है, तो मुझे उसे लेने में खुशी होगी।"

भारत का मौजूदा गेंदबाजी आक्रमण जसप्रीत बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर है, जिन्होंने श्रृंखला में अधिकांश कार्यभार संभाला है। अब तक तीन टेस्ट मैचों में बुमराह ने लंबे स्पैल में गेंदबाजी की है और प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, लेकिन उन्हें साथी तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और हर्षित राणा से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला है।




# भारत को जीत के लिए 275 रनों का लक्ष्य

**ब्रिस्बेन ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गाबा में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन खराब रोशनी के कारण चाय का समय जल्दी कर दिया गया। भारत ने 275 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 2.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के 8 रन बना लिए थे। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी 18 ओवर में 89/7 पर घोषित कर दी थी।

5वें दिन भारतीय पारी की शुरूआत करने वाले केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल 4-4 रन बनाकर नाबाद हैं। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 185 रनों की बढ़त हासिल की थी और दूसरी पारी में महज 18 ओवर खेले। तेजी से रन बनाने की कोशिश में कंगारू बल्लेबाज जल्दी-जल्दी आउट हो गए। ट्रेविस हेड, एलेक्स कैरी और पैट कमिंस की तेज पारियों के कारण ऑस्ट्रेलिया ने 274 रनों का मजबूत लक्ष्य तय किया।



भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट लिए और मैच में कुल नौ विकेट चटकाए। बुमराह को आकाशदीप और मोहम्मद सिराज का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने दो-दो विकेट लिए।

बुमराह ने उस्मान ख्वाजा को एक शानदार इनस्विंग डिलीवरी पर बोल्ड किया। इसके बाद उन्होंने मार्नस लाबुशेन को ऑफ स्टंप के बाहर गेंद पर गलती करने के लिए मजबूर किया और ऋषभ पंत ने उनका कैच लपक लिया।

आकाशदीप ने नाथन मैकस्विनी को ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर बल्ला लगाने पर मजबूर किया और पंत ने कैच लिया। मिचेल मार्श को नंबर चार पर प्रमोट किया गया, लेकिन वह भी आकाशदीप की गेंद पर आउट हो गए। सिराज ने स्टीव स्मिथ को लेग साइड पर फंसाया और पंत ने शानदार डाइविंग कैच लिया। हेड और कैरी ने कुछ तेज रन बनाए, लेकिन हेड बड़े शॉट की कोशिश में कैच दे बैठे। पंत ने इस पारी में कुल पांच कैच पकड़े। पैट कमिंस ने आकाशदीप और सिराज की गेंदों पर चौके-छक्के जड़े, लेकिन बुमराह की धीमी गेंद पर वह कवर में कैच आउट हो गए।

# न्यूजीलैंड के वनडे और टी20 कप्तान बने मिचेल सैंटनर

**वेलिंगटन ।** बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सैंटनर को न्यूजीलैंड के सीमित ओवर टीमों का कप्तान बनाया गया है। वह औपचारिक तौर पर केन विलियमसन की जगह लेंगे, जिन्होंने जून में हुए टी20 विश्व कप के बाद से ही यह पद छोड़ दिया था। सैंटनर ने 243 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया है। अब वह वनडे और टी20 टीमों के स्थायी कप्तान के रूप में कार्यभार संभालेंगे। इससे पहले वह 24 टी20 और 4 वनडे मैचों में टीम की कप्तानी कर चुके हैं।




# कमिंस ने पुष्टि की कि हेजलवुड सीरीज के बाकी बचे मैचों से बाहर

**ब्रिस्बेन ।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने पुष्टि की है कि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड पिंडली की चोट के कारण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं।

मंगलवार की सुबह ऑस्ट्रेलिया के वार्म-अप के दौरान हेजलवुड की दाहिनी पिंडली में चोट लग गई। उन्होंने चौथे दिन शुरूआती सत्र में एक ओवर फेंका और पिंडली में दर्द के कारण मैदान से बाहर चले गए। 33 वर्षीय इस तेज गेंदबाज ने चोट की गंभीरता का आकलन करने के लिए स्कैन करवाया। बाद में मेडिकल स्कैन से पुष्टि हुई कि उनकी दाहिनी पिंडली में खिंचाव है, जिसके कारण यह तेज गेंदबाज सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गया।




कमिंस ने बुधवार को दिन के खेल के बाद एबीसी स्पोर्ट से कहा, ₹जोश (हेजलवुड) के मामले में, हां, जाहिर है कि यह आदर्श नहीं है। वह सीरीज से चूक जाएगा। हां, ठीक होने में कुछ हफ़्ते लगेंगे और फिर वहां से फिर से तैयार होगा। इसलिए निश्चित रूप से यह कब होगा, यह निश्चित नहीं है, लेकिन कम से कम यह सीरीज तो होगी ही।"

हेजलवुड मंगलवार को चौथे दिन के खेल की शुरूआत में मैदान पर देर से पहुंचे और जब उन्होंने अपना स्पैल शुरू किया तो संघर्ष करते दिखे, शायद ही कभी 131 किमी प्रति घंटे से ज्यादा की रफ़्तार पकड़ पाए। उस ओवर के बाद ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान, उन्हें मैदान छोड़ने से पहले कमिंस, स्टीवन स्मिथ और फिजियो निक जोन्स के साथ लंबी चर्चा करते देखा गया।

चोट के कारण सीरीज के बाकी मैच से चूकने पर विचार करते हुए, हेजलवुड ने निराशा व्यक्त की, लेकिन जोर देकर कहा कि वह और मजबूती से वापसी करेंगे।

# ट्रेविस हेड ने चोटिल होने की आशंकाओं को खारिज किया, बॉक्सिंग डे टेस्ट में खेलने का भरोसा जताया

**नई दिल्ली ।** भारत के खिलाफ अगले मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया टीम और उसके प्रशंसकों के लिए राहत की खबर है। स्टार बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने फिटनेस की चिंताओं को खारिज किया है और कहा है कि वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे मैच में खेलने के लिए पूरी तरह फिट हैं। हेड ब्रिसबेन के गाबा मैदान पर खेले गए तीसरे टेस्ट के पांचवें दिन बल्लेबाजी के दौरान ग्रोइन समस्या से जूझ रहे थे।

## पांचवें दिन परेशानी में दिखे थे हेड

हेड ने मौजूदा सीरीज में अभी तक 81.80 की औसत से 409 रन बनाए हैं। वह तीसरे टेस्ट के पांचवें दिन 17 रन की पारी के दौरान विकेटों के बीच दौड़ते हुए परेशानी में दिखे। वह भारत की दूसरी पारी के दौरान फील्डिंग के लिए भी नहीं आए थे जिससे उनकी फिटनेस पर सवाल उठने लगे। हेड गाबा टेस्ट में भी शतकीय पारी खेलने में सफल रहे थे जिस कारण उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।



हेड ने सीरीज में अपनी कामयाबी का श्रेय चुनौतीपूर्ण हालात के अनुकुल ढलने को दिया। हेड ने कहा, मैं अपनी बल्लेबाजी से बहुत खुश हूं। थोड़ी सी सूजन है लेकिन अगले मैच तक ठीक हो जाएगी। विकेट चुनौतीपूर्ण था। मुझे काफी मेहनत करनी पड़ी। स्टीव स्मिथ के साथ साझेदारी अच्छी रही। मैने हालात के अनुरूप जल्दी ढलने पर फोकस रखा। स्मिथ भी फॉर्म में लौट आया था जिससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा क्योंकि मुझे पता था कि अब वह बड़ी पारी खेलेगा। ड्रॉ रहा तीसरा टेस्ट मैच की बात करें तो भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बारिश से बाधित तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ रहा। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के सामने 275 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में भारत ने अपनी दूसरी पारी में बिना विकेट गंवाए आठ रन बना लिए थे। हालांकि, इसके बाद बारिश ने आगे का खेल नहीं होने दिया और दोनों कप्तानों ने मैच को ड्रॉ पर समाप्त करने का फैसला लिया।

# गावस्कर को रास नहीं आया अश्विन के संन्यास लेने का फैसला, समय पर खड़े किए सवाल

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर को ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने का फैसला रास नहीं आया है। गावस्कर ने अश्विन के संन्यास के समय पर सवाल खड़े किए हैं और कहा है कि इस स्पिनर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद यह फैसला लेना चाहिए था। अश्विन ने गाबा में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।,

## अश्विन ने अटकलों पर लगाया विराम

अश्विन के संन्यास लेने की चर्चा उस वक्त शुरू हो गई थी जब भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गाबा टेस्ट के पांचवें दिन जब बारिश के कारण मैच रुका और अश्विन विराट कोहली के साथ ड्रेसिंग रूम में काफी देर चर्चा करते दिखे थे। कोहली बहुत देर तक अश्विन से बात करते रहे और इस दौरान उनके कंधे पर हाथ रखे हुए थे।




**अश्विन के संन्यास लेने के फैसले के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने भारतीय ऑफ स्पिनर के योगदान को सराहा। रोहित ने कहा, अश्विन अपने फैसले को लेकर पूरी तरह निश्चित थे। वह जो चाहते हैं हम उनके साथ खड़े हैं।**

बात खत्म होने के कारण कोहली अश्विन से गले मिले। इन तस्वीरों के सामने आने के बाद यह संकेत मिलने लगे कि अश्विन कुछ बड़ा फैसला ले सकते हैं।

इसके कुछ देर बाद ही अश्विन कप्तान रोहित शर्मा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में गए और उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी।

**'सीरीज के बाद लेना चाहिए था फैसला** : गावस्कर का कहना है कि अश्विन के संन्यास का फैसला लेने से भारतीय टीम में अब एक खिलाड़ी कम रहेगा। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान का मानना है कि अश्विन को सिडनी टेस्ट में प्लेइंग-11 में शामिल होने का मौका मिल सकता था क्योंकि वहां की पिच स्पिनरों के मददगार वाली है। गावस्कर ने कहा, अश्विन को कहना चाहिए था कि देखिए सीरीज के खत्म होने के बाद मैं भारतीय टीम के चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहूंगा। इससे टीम में एक खिलाड़ी कम हो गया। अगर कोई खिलाड़ी चोटिल होता है ।

# भाजपा इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष हरमीत बख्शी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

















**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष हरमीत बख्शी का जन्मदिन मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। नीति खंड के शंकर पार्टी लॉन में आयोजित समारोह में सभी ने हरमीत बख्शी को उनके जन्मदिन पर बधाई शुभकामनाए देते हुए उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ और यशस्वी जीवन की कामना की।




## हैंडपंप वालों को ना रहे गुमान उन्हे बता दो क्या कहा उन्होने अपनी जुबान

फूल वाले उनके फॉयरी अंदाज को देखकर अब तक अंदाजे लगा रहे हैं कि किसी को लेकर ये ताप था । या कोई ऐसा दबाव था कि वो मंच पर आते ही जुबान से पंच पर पंच दे रहे थे। क्या वो उ तावले हो रहे थे या कुछ और बात ही थी। फ्लावर चौधरी ने कहा कि कम से कम हैंडपंप वालों को तो बता दो कि आगे से किसी हसरत को लेकर जंप लगाये तो थोड़ा संभल जाएं। सुना तो सबके कानो ने हैं बस जुबान पर लाने में थोड़ा सा संकोच कर रहे हैं। सुना है कि हैडंपंप वालों की शान में कसीदे पढ़े गये और ऐसे पढ़े गये कि हाथरस वाली लठिया याद दिला दी। फूल वालों ने ही लाफिंग स्टाईल में कहा कि बाकी सब तो ठीक है लेकिन उनके सरदार जी को रिमाइंड करा दो कि अब किसी आयोग के राजयोग से लेकर सदन के संयोग तक अपना माईंड ना लगाये तो बेहतर।

## अब दायित्व की भी खाता बही है क्या सही में उनकी बात सही है

साईकिल वाले तो कहते ही रह गये कि नई हवा है नई सपा है मगर फूल वालों के यहां तो हवा भी नई और भाजपा भी नई। देवतुल्यों के यहां भी सूटकेस कल्चर आ गया है और इस बात को भगवा नगरी में कोई बड़ा लीडर मंच से बता गया है। वो तो डेट तक बता गये कि इस तारीख तक लिये तो लिये अब नही लेने दूंगा। अब फूल वाले ही पूछ रहे हैं कि क्या वो सही में सही कह गये हैं। फिर पुराने फ्लावर पूछ भी रहे हैं कि चलो माना कि ये भी चलन है मगर क्या उनके कहने से रूक जायेगा। वो कह रहे हैं कि सुनो उतावले ये भाजपा है,यहां कोई फैसला एकल नही होता,यहां तो हर फैसला सामूहिक होता है। तो क्या ये मान कर चले कि ताजपोशी के बदले नजराना पेश भी हुया और स्वीकार भी हुया। अब सब चाहते हैं कि अगर उनकी बात सही में सही है कि दायित्व के बदले खाता बही है तो फिर रेट भी पता चल जाये फिर बजट में होगा तभी सोचेगें ।

## दो दावेदारनियों के बीच किसने थमा दिया तीसरी को लॉलीपाप

अभी तो निगम वाले नये सदन का सूत भी दूर और कपास भी दूर मगर मठ वाले बाबा की पार्टी के चुनावी जुलाहों में दे लठ दे लठ का सीन इसी मौहल्ले में चल रहा है। चुनाव कोई लड़ा और उसे लेकर डोर टू डोर दो फ्यूचर दावेदार घूमी। एक के पास पहले से ही पूरा डॉटा है और दूसरी ने आईडिया लिया कि जब हम आयेगें तो ऐसे आयेगें और वैसे आयेगें। आज नया मेंबर आ भी जाना है मगर सियासी सपनों के इस मौहल्ले में एक नई एंट्री और हो गई है। सुना है कि अभी तक तो दो ही दावेदार थी पर अब तीसरी को भी चुनाव लड़ने का सपना दिखाते हुये टिकट तुम्हारा ही होगा वाला लॉलीपाप थमा दिया गया है। जिन्हे ये ड्रीम दिखाया गया है उन्होने तो थीम भी सेट कर ली है। वार्ड में रोज कितना टाईम देना है,निगम में एप्लीकेशन कहां देनी हैं और किस विषय की देनी है इस पर काम शुरू कर दिया है। अब कौन समझाये कि हे देवतुलनी ये फ्लावर दल है यहां गारंटी तो उनकी फेल हो गई जो दूसरो की गारंटी ले लिया करते थे कभी जनरली।

# कर्ज ने छीनी पति-पत्नी की जिंदगी, फंदे पर लटक कर दी दोनों ने जान



**गाजियबाद (करंट क्राइम)।** थाना शालीमार गार्डन में पति-पत्नी ने फांसी पर लटक कर अपनी जान दे दी। जान देने से पहले दोनों ने सुसाइड नोट भी लिखा था। जिसमें कर्ज को जान देने का कारण बताया गया है। दंपति का एक 12 साल का बच्चा भी है। जो मंदबुद्धि है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र के शालीमार एक्सटेंशन दो में पंकज कुमार गुप्ता अपनी पत्नी रीना गुप्ता के साथ रहा करते थे। पंकज फिलहाल खाली थे। जबकि उनकी पत्नी रीना किसी कॉस्मेटिक की दुकान में काम करती थी। दोनों ने मंगलवार को देर रात घर में फंदे पर लटक के जान दे दी। दोनों पति-पत्नी अपने 12 साल के मंदबुद्धि बच्चों को पड़ोस में छोड़कर जाते थे। जब उसको लेने नहीं आए, तब पड़ोसियों को शक हुआ और उनके घर गए। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं सुसाइड नोट और अन्य चीज सीज कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक, परिवार ने पुलिस को बताया है कि 50 से 60 लाख रुपए का कर्ज दंपति पर था।

# जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में मानक युवा आइकॉन कार्यक्रम आयोजित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में युवा उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए मानक युवा आइकॉन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मानक पदोन्नति अधिकारी गाजियाबाद आयुष राज ने किया। मुख्य अतिथि मानक पदोन्नति अधिकारी गाजियाबाद आयुष राज ने कहा कि एक उपभोक्ता को अपने अधिकारों को जानना बहुत ही जरूरी है। अपने अधिकारों से अनजान लोग बाजार में ठगी का शिकार हो जाते हैं। अधिकारों के बारे में जागरूकता ग्राहक को अपने लाभों को अधिकतम करने में मदद करती है। प्रत्येक उपभोक्ता को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में अधिक जागरूक बनाने का अवसर प्रदान करता है। सरकार भी उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा पर जोर देती रहती है और नागरिकों को इसमें शामिल करने और उन्हें जागरूक करने का प्रयास करती है। प्रधानाचार्य अंजू गौड़ ने कहा कि हर उपभोक्ता को अपने अधिकारों के प्रति सजग व सर्तक रहना चाहिए। स्कूल के डायरेक्टर डॉ करुण गौड़ ने सभी का धन्यवाद किया और कहा कि इस तरह के कार्यकम से ही उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा सकता है। कार्यक्रम में कला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें शीर्ष 10 छात्रों ने पदक प्राप्त किए। दो छात्रों अंशिका और अवंतिका को प्रधानाचार्य अंजू गौड़ द्वारा प्रतिष्ठित मानक ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।




# कमिश्नरेट में एक थ्री-स्टार सब पर भारी

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद को बने हुए दो साल का सफर पूरा हो गया है। बीते दो सालों में वैसे तो बहुत से थ्री-स्टार रहे और हटे पर एक थ्री-स्टार लंबे समय से अपनी पारी को जारी रखे हुए हैं। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एक ऐसे भी थ्री-स्टार हैं जो सब कोतवालों पर भारी बताए जाते हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बताते हैं कि रेलवे लाइन के बराबर से जो जिले के क्राइम कंट्रोल को लेकर टीम काम कर रही है, वहां के प्रभारी का काम सब प्रभारियों पर भारी बताया जाता है। कमिश्नरेट के बड़े खुलासों का मामला हो या सालों से फरार गैंगस्टरों की गिरफ्तारी, नशे के कारोबार की कमर तोड़ने का काम हो, या कुख्यात बदमाशों की लोकेशन से लेकर अरेस्टिंग में प्रभारी का नाम और काम बोलता ही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बताते हैं की खास ऑफिस से लेकर जोन वाले साहब लोगों तक भी एक ही थ्री-स्टार के कार्यों की चर्चा सुनाई देती है। तो वहीं क्राइम कंट्रोल वाले साहब भी अपने प्रभारी पर नाज रखने का काम करते हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बताते हैं कि वैसे तो पुलिस कमिश्नरेट



सिस्टम गाजियाबाद में बड़ी संख्या में थ्री-स्टार हैं। इन थ्री-स्टारों की अपनी वर्किंग स्टाइल है और वह थानों से लेकर अगर-अलग सेल और कार्यालय में कमान संभाले हुए हैं। उधर सूत्र जानकारी देते हैं कि पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम बनने के बाद से क्राइम वाले प्रभारी की कमान एक ही थ्री-स्टार पर है। उनकी वर्किंग कई जोन, थाने और सर्किट पर भारी इसलिए बताई जाती है क्योंकि वह सीधे अपने काम से जवाब देते हैं। करोड़ों की लूट के खुलासे का मामला हो या अनसुलझी वारदातों को खोलने के लिए मेहनत वह उसमें पीछे नहीं रहते हैं। अपनी टीम के साथ तालमेल बैठाने के साथ ही वह अपने अधिकारियों से भी मधुर संबंध रखते हैं। उनका मैनेजमेंट और वर्किंग को लेकर रुझान बताता है कि बीमार होने के बाद भी वह समय से पहले आ गए थे, और बीते दो सालों से वह कमिश्नरेट सिस्टम के बेहतर प्रभारी में से एक बने हुए हैं। हालांकि उनके काम को लेकर कहीं पर कोई डाउट नहीं है, वह लगातार खुलासे और गुड वर्क का सिलसिला जारी रखते हैं। यही उनकी टीआरपी और अधिकारियों के बीच पसंद का कारण बनती है, अगर कहा जाए कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में एक थ्री-स्टार सब पर भारी हैं, तो वह सबको मालूम है कि वह कौन सा नाम है, जो अपने काम से सबको मौन कर देता है।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विजय चौधरी महानगर अध्यक्ष कांग्रेस कमिटी बुधवार को समर्थकों के साथ लखनऊ विधानसभा घेराव में पहुंचे। त्रिलोक सिंह महानगर उपाध्यक्ष और नरेंद्र चौहान को विधानसभा घेराव में गिरफ्तार किया गया। इस मौके पर विजयपाल चौधरी, नरेंद्र चौहान, त्रिलोक सिंह, पवन शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूरी रात पुलिस फोर्स ने घर पर डेरा डाले रखा...
सुबह 11 बजे तक भी पुलिस घर पर ही है...
दमनकारी सरकार.....
कांग्रेसी नेता नरेंद्र राठी

# घर में अचानक हाईटेंशन लाइट आई, सामानों में लगी आग

## बिजली विभाग के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में दनकौर क्षेत्र के मकनपुर बांगर गांव के एक मोहल्ले में अचानक हाई टेंशन लाइट आ जाने से ग्रामीणों के बिजली यंत्रों समेत अन्य सामान में आग लग गई। इस हादसे से करीब 1 लाख रुपये अधिक रुपयों का नुकसान बताया जा रहा है। जिसके चलते ग्रामीणों में काफी गुस्सा विभाग के खिलाफ देखा जा रहा है। ग्रामीण बबलू भाटी ने बताया कि मंगलवार रात को उनके पड़ोसी होशियार सिंह समेत कई के घर में अचानक हाईटेंशन लाइट आ गई। इसके कारण घर में रखे फ्रिज और टीवी समेत अन्य उपकरणों में आग लग गई। जिससे आग ने घर रखे अन्य सामान को भी चपेट में ले लिया। जिससे पीड़ित होशियार सिंह समेत अन्य का करीब 1 लाख रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

गनीमत रही कि आग से घर में रह रहे लोगों की जान बच गई। बताया जाता कि जिस समय धमाका हुआ। उस समय घर के सभी लोग भाग निकले। पीड़ित परिवार द्वारा मामले की शिकायत



बिजली विभाग के अधिकारियों से कर मुआवजे की मांग की गई है। उनका कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण ऐसी और भी घटनाएं हो चुकी हैं। उसके बावजूद भी व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया है। जिसको लेकर ग्रामीणों में विभाग के खिलाफ रोष देखा जा रहा है। उनका कहना है कि जल्द ही पीड़ित लोगों को मुआवजा नहीं दिया गया तो विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# 8 दिन बाद मिली चार महीने की बच्ची थाना बना खुशी के आंसुओं का गवाह

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जीआरपी पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर चार महीने की बच्ची को बरामद किया है। आरोपी ने बच्ची को बेचने के लिए किडनैप किया था। किडनैप करने से पहले आरोपी ने बच्ची के पिता के साथ शराब पीकर दोस्ती की थी। बच्ची को तलाशने के लिए पुलिस ने 700 सीसीटीवी फुटेज कैमरा का सहारा लिया। इसके अलावा नई दिल्ली से लेकर पंजाब तक के ट्रेन के रूट खंगाले। एसपी रेलवे मुरादाबाद आशुतोष शुक्ला ने बताया कि 09 तारीख दीपक अपनी पत्नी अर्चना और चार माह की बेटी किस्मत के साथ गाजियाबाद रेलवे स्टेशन आया था। दीपक छतरपुर मध्य प्रदेश का रहने वाला है और गाजियाबाद के मसूरी इलाके में मजदूरी करता है। 9 दिसंबर को ट्रेन ना मिलने से यह परिवार स्टेशन पर ही सो गया था। अगले दिन 10 दिसंबर की सुबह दीपक ने अपने जाने के लिए टिकट ले लिया और टिकट घर के पास ही उसको



एक व्यक्ति मिला। जिससे उसकी दोस्ती हो गई। दोनों ने साथ में शराब पी।

### दम्पति की पहली और इकलौती बच्ची

इसी दौरान आरोपी की दंपति से अच्छी जान पहचान हो गई। वह चार माह की किस्मत को अपनी गोद में ही खिलता रहा। दोपहर करीब 3:00 बजे 10 तारीख को अर्चना जब वॉशरूम गई तो आरोपी चार माह की किस्मत को खिलाते खिलाते करके ले गया। यह दम्पति की पहली और इकलौती बच्ची है। किडनैपिंग की सूचना पर पुलिस ने तमाम बस अड्डे मेट्रो स्टेशन और रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी खंगाले। नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली, आनंद विहार, हजरत निजामुद्दीन और सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन के भी सीसीटीवी खंगाले गए। इसके बाद आरोपी की पहचान विकास निवासी पीलीभीत के रूप में हुई। विकास ने बताया कि उसके मन में लालच आ गया था कि बच्ची को बेचकर अच्छी धनराशि मिल जाएगी। इसीलिए उसने बच्ची का किडनैप किया। पुलिस के मुताबिक, बच्ची को तलाश करना बेहद कठिन काम था। लेकिन सीसीटीवी और रैन बसेरे में रहने की वजह से विकास को धर दबोचा गया।

# इस्राइल की मदद करने पर अमेरिकी सरकार के खिलाफ मुकदमा

## फलस्तीनियों ने लगाया मानवाधिकार हनन का आरोप

**रामल्लाह ।** गाजा के पांच फलस्तीनियों ने मानावधिकारों के हनन का आरोप लगाकर अमेरिकी सरकार के विदेश विभाग और वेस्ट बैंक के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। मुकदमे में कहा गया है कि इस्राइली सेना को लगातार दी जा रही अमेरिकी सहायता के चलते फलस्तीनियों के मानवाधिकारों का गंभीर रूप से उल्लंघन हुआ। मुकदमे में अमेरिकी विदेश विभाग पर संघीय कानून को लागू करने में विफल रहने का भी आरोप लगाया गया। कानून के मुताबिक अगर किसी देश की सेना न्याय के बिना हत्या और अत्याचार जैसे उल्लंघन करती है तो उसे किसी भी तौर पर धन हस्तांतरित नहीं किया जा सकता।



मुकदमे में कहा गया कि सात अक्तूबर को गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से इस्राइल लगातार मानवाधिकारों का उल्लंघन कर रहा है।

इसके बाद भी लीही कानून को लागू करने में अमेरिका के विदेश विभाग की विफलता चौंकाने वाली है। गाजा की एक शिक्षिका अमल गाजा ने यह मुकदमा दर्ज कराया गया है।

अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक मुकदमे में शिक्षिका ने कहा है कि उसे युद्ध शुरू होने के बाद से सात बार जबरन विस्थापित किया जा चुका है और उसके परिवार के 20 सदस्य इस्राइली हमलों में मारे जा चुके हैं।

गाजा शिक्षिका ने कहा कि अगर अमेरिका मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन करने वाली इस्राइल की इकाइयों को सैन्य सहायता देना बंद कर दे, तो मेरी पीड़ा और मेरे परिवार को हुई क्षति काफी हद तक कम हो जाएगी। हमास ने बीते साल 7 अक्तूबर को इस्राइल पर बड़ा आतंकी हमला किया था, जिसमें 1200 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था।

अभी भी 100 लोग हमास की कैद में हैं। इस हमले के जवाब में इस्राइल ने गाजा पर हवाई और जमीनी हमला किया, जिसमें 45 हजार से ज्यादा लोग मारे गए।

शिक्षिका ने लीही कानून के उल्लंघन से जुड़ा है। यह कानून एक तरह से संघीय विनियमन है। इसके तहत अगर कोई विदेशी सैन्य इकाई मानवाधिकारों का उल्लंघन करती है तो अमेरिकी सरकार उसको धन मुहैया नहीं करा सकती है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक इन उल्लंघनों में यातना, न्यायेतर हत्याएं, जबरन गायब कर देना और दुष्कर्म शामिल है।

### इस्राइल की लगातार मदद कर रहा अमेरिका

गाजा में लगातार हो रहे हमलों के बीच अमेरिका लगातार इस्राइल की आर्थिक मदद कर रहा है।

## अगर कोई हम पर ज्यादा कर लगाता है तो हम भी उन पर उतना ही टैक्स लगाएंगे

### ट्रंप की दो टूक, भारत का भी जिक्र

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के अगले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पद संभालने से पहले भारत को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने भारत भेजे जाने वाले अमेरिका सामान पर लगाए जाने वाले टैक्स को लेकर कुछ ऐसा कह दिया, जिससे भारत सरकार सोच में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिकी सामान पर जितना टैक्स लगाएगा, उतना ही टैक्स अमेरिका भारतीय सामान पर लगाएगा।

### ट्रंप ने अपनी मंशा दोहराई

इस दौरान उन्होंने सभी देशों की ओर से अमेरिकी सामान के आयात पर लगाए गए उच्च कर (हाई टैरिफ) के जवाब में वैसा ही उच्च कहा कि जो भी हम पर टैक्स लगाएगा, हम उसके साथ वैसा ही व्यवहार करेंगे। ट्रंप ने कहा कि भारत और ब्राजील समेत कई देश अमेरिकी सामान पर हाई टैरिफ लगाते हैं। भारत के लिए चेतावनी क्यों उन्होंने कहा कि रेसिप्रोकल, यह बहुत ही अहम है। अगर कोई हम पर कर लगाता है, जैसे-भारत। हमें अपने बारे में बात करने की जरूरत नहीं। अगर भारत हमें 100 फीसदी चार्ज करता है, तो हम ऐसा क्यों न करें? वे हमें साइकिल भेजते हैं। हम भी उन्हें साइकिल भेजते हैं। वे हमें 100-200 चार्ज करते हैं। ट्रंप ने कहा कि भारत में टैक्स बहुत है। ब्राजील भी ऐसा ही करता है।




कर (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाने की अपनी मंशा को दोहराया। मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि अगर कोई हम पर टैक्स लगाता है, तो हम भी उन पर उतना ही टैक्स लगाएंगे। अगर भारत हम पर टैक्स लगाता है तो हम भी उन पर टैक्स लगाएंगे। वे हमारी लगभग हर चीज पर टैक्स लगाते हैं और हम उन पर टैक्स नहीं लगा रहे हैं।

### 'भारत अमेरिकी सामान पर हाई टैरिफ लगाता है'

जब ट्रंप से चीन के साथ संभावित व्यापार समझौते को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने अगर वे हम पर टैक्स लगाना चाहते हैं तो वो ठीक है, लेकिन हम भी वैसा ही करेंगे।

**वाणिज्य मंत्री ने बताई 'रिसिप्रोसिटी की अहमियत :** ट्रंप के कॉमर्स सेक्रेट्री (वाणिज्य मंत्री) ने कहा कि जो जैसे करेगा, उसके साथ वैसा ही व्यवहार किया जाएगा। हावर्ड लुटनिक ने कहा कि 'रिसिप्रोसिटी' हमारे प्रशासन के लिए अहम विषय होने वाला है।

एक बात एकदम साफ है कि आप हमारे साथ जैसा व्यवहार करेंगे, हम भी आपके साथ वैसा ही व्यवहार करेंगे।

## पीएम मोदी संग बैठक में शी ने बेहतर संबंधों पर दिया जोर, आगे भी ऐसा ही करेंगे, चीन का दावा

**बीजिंग ।** अजीत डोभाल से मुलाकात से पहले चीनी विदेश मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय हालात और चीन के विदेश संबंधों पर बात की। विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रूस के कजान में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक के दौरान चीन-भारत संबंधों को बेहतर बनाने पर बात की थी। हम आगे भी इस पर काम करेंगे।

वांग यी ने कहा कि चीन प्रमुख देशों पर अधिक विश्वास और कम संदेह कर रहा है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ संबंधों को लेकर हुई बातचीत में सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष रणनीतिक संचार को बढ़ाने, सीमा क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बढ़ाने के



साथ ही संबंधों को वापस पटरी पर लाने के लिए काम करने पर सहमत हुए हैं।

चीन के विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि चीन बड़े पड़ोसी देशों के साथ सद्भावना और विकास का सही रास्ता खोजने के लिए भारत के साथ है।

उन्होंने कहा कि अब किसी भी बंटवारे और टकराव की स्थिति में चीन एकता के लिए मजबूत ताकत के तौर पर काम करेगा। हम दूसरे चीन और मध्य एशिया शिखर सम्मेलन के आयोजन का समर्थन करते हैं। हमने मतभेदों को ठीक से संभाला है। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार आज चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बैठक करेंगे। देपसांग और देमचोक से सैनिकों के पीछे हटने के बाद दोनों देशों में बातचीत का नया दौर शुरू होने की उम्मीद है।

### मई 2020 में शुरू हुआ था सैन्य गतिरोध

दोनों देशों के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध मई 2020 में शुरू हुआ था। उसी साल जून में गलवां घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच घातक झड़प हुई थी, जिससे दोनों पड़ोसियों के बीच संबंधों में गंभीर तनाव आ गया था।

## हसीना के खिलाफ आरोपों की जांच की समय सीमा 2 माह बढ़ी, हाईकोर्ट ने बहाल की कार्यवाहक सरकार प्रणाली

**ढाका ।** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने मंगलवार को अपदस्थ पीएम शेख हसीना (77) के खिलाफ आरोपों की जांच पूरी करने की समय सीमा 2 माह बढ़ा दी है। न्यायमूर्ति गुलाम मुतुर्जा मजूमदार की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि जांच की समय सीमा 18 फरवरी तक बढ़ाई जाती है। जुलाई-अगस्त में छात्र नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों के दौरान नरसंहार के लिए हसीना व पूर्व मंत्रियों सहित 45 के खिलाफ मामला दर्ज है। हसीना 5 अगस्त से भारत में रह रही हैं। इस बीच, दो केस की जांच मंगलवार को पूरी होनी थी, लेकिन जांच एजेंसी ने और समय मांगा है।



बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट के हाईकोर्ट डिवीजन ने संविधान में 15वें संशोधन को आंशिक रूप से रद्द करते हुए देश में कार्यवाहक सरकार प्रणाली को बहाल कर दिया। कोर्ट ने कहा, 2011 में 15वें संशोधन का फैसला अनुचित था।

**भारत 1971 की जीत में महज एक सहयोगी-नजरूल :** बांग्लादेश के विधि सलाहकार आसिफ नजरुल ने कहा, भारत 1971 की जीत में ह्यसिर्फ सहयोगी था।

# कांगो की फिमी नदी में पलटी नाव

## 25 लोगों की मौत, दर्जनों लोग लापता

**किंशासा ।** मध्य कांगो में मंगलवार को लोगों से खचाखच भरी एक नाव फिमी नदी में पलट गई। हादसे में बच्चों सहित 25 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग लापता हो गए। यह घटना कांगो की राजधानी किंशासा से उत्तर-पूर्व में स्थित इनोंगो शहर के पास हुई।

अधिकारियों और स्थानीय निवासियों के अनुसार, नाव में 100 से ज्यादा लोग सवार थे। हादसे के बाद लापता लोगों की तलाश जारी है। अधिकारियों को मरने वालों की संख्या में और इजाफा होने का डर है।

### नाव में ज्यादा लोग सवार थेः डेविड कालेम्बा

इनोंगो के नदी आयुक्त डेविड कालेम्बा ने बताया कि नाव में ज्यादा लोग सवार होने की वजह से



ओवरलोड थी। अब तक 25 शव बरामद हो चुके हैं। इलाके के निवासी एलेक्स एमबुम्बा ने बताया कि नाव में सामान भी लदा हुआ था और मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नाव में इतने यात्री थे कि मरने वालों की सटीक संख्या बता पाना मुश्किल काम है। माई-एनडोम्बे प्रांत यह साल का चौथा हादसा यह हादसा माई-एनडोम्बे प्रांत में इस साल का चौथा हादसा है। यह क्षेत्र नदियों से घिरा हुआ है और यहां के लोग नदी परिवहन पर निर्भर हैं।

### सड़क परिवहन का खर्च वहन करने में असमर्थ लोग

कांगो सरकार ने अक्सर ओवरलोडिंग के खिलाफ चेतावनी दी है और जल परिवहन के लिए सुरक्षा उपायों का उल्लंघन करने वालों को दंडित करने की प्रतिबद्धता जताई है। इसके बावजूद, दूरदराज के इलाकों में लोग उपलब्ध सड़कों के लिए सार्वजनिक परिवहन का खर्च वहन करने में असमर्थ हैं।

## यूएस में सात में से एक परिवार पर्याप्त भोजन खरीदने में असमर्थ, 4.74 करोड़ लोग कर रहे ऐसे हालात का सामाना

**नई दिल्ली ।** अमेरिका में सात परिवारों में से एक को खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। आबादी के लिहाज से 4.74 करोड़ अमेरिकी नागरिक इस दायरे में आते हैं। इनमें 1.38 करोड़ बच्चे शामिल हैं। यह चौकाने वाला खुलासा अमेरिका के कृषि विभाग (यूएसडीए) की 2023 की ह्यसंयुक्त राज्य अमेरिका में घरेलू खाद्य सुरक्षाह्ण रिपोर्ट में किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, 5.1% अमेरिकी परिवारों (20 में से 1) ने बहुत कम खाद्य सुरक्षा का अनुभव किया, जो खाद्य असुरक्षा का एक और अधिक गंभीर रूप है, जहां परिवार नियमित रूप से भोजन छोड़ने या कम खाने की बात स्वीकारते हैं क्योंकि वे ज्यादा भोजन खरीद नहीं सकते। अमेरिकी कृषि विभाग खाद्य सुरक्षा को इस तरह से परिभाषित करता है कि एक सक्रिय और स्वस्थ जीवन जीने के लिए हर समय हर



व्यक्ति की पर्याप्त मात्रा में भोजन तक पहुंच होनी चाहिए। इस लिहाज से अमेरिका की खाद्य असुरक्षा से प्रभावित आबादी की या तो भोजन तक पहुंच नहीं है या उनके पास पर्याप्त भोजन खरीदने की क्षमता ही नहीं है।

### अश्वेतों की दर सबसे अधिक


अश्वेत परिवारों में खाद्य असुरक्षा की दर सबसे अधिक 23.3% है। इसके बाद लैटिन अमेरिकी आबादी में यह दर 21.9% है। श्वेत परिवारों की तुलना में ये दरें दोगुनी हैं। क्योंकि 9.9% श्वेत परिवार खाद्यान्न के मामले में असुरक्षित हैं।

**लाखों मध्यवर्गीय एक वेतन चूकने से हो जाते हैं गरीब :** आर्थिक वकालत समूह प्रॉसपेरिटी नाउ के अनुसार कई अमेरिकी परिवार वित्तीय असुरक्षा का सामना कर रहे हैं।

## डायलिसिस से जूझ रही अलबामा की महिला ने सुअर की किडनी लगवाई, डॉक्टरों ने दी ये जानकारी

**न्यूयॉर्क ।** अलबामा की टोवाना लूनी (53) में सुअर की किडनी का प्रत्यारोपण किया गया है। डॉक्टरों के अनुसार वह अब धीर-धीरे ठीक हो रही हैं। वह आठ साल से डायलिसिस से जूझ रही थीं। जानवरों के अंग के साथ मानव जीवन को बचाने का यह नया प्रयास है। टोवाना पांचवीं अमेरिकी हैं, जिन्हें सुअर का अंग दिया गया है। इससे पहले जिन्हें भी सुअर की किडनी या हार्ट दिया गया, उनकी दो महीने के अंदर मौत हो गई थी। टोवाना ने कहा, यह एक नई शुरूआत है। मैं अब बेहतर महसूस कर पा रही हूं। न्यूयॉर्क लैंगोन हेल्थ के डॉ. राबर्ट मॉन्टगोमरी ने कहा, लूनी की सर्जरी जेनोट्रांसप्लांटेशन की दिशा में एक अहम कदम है। वैज्ञानिक अगले साल से जेनोट्रांसप्लांटेशन पर आधाकारिक रूप से अध्ययन करने की तैयारी कर रहे हैं।

25 नवंबर को डायलिसिस करने वाले लूनी के सर्जन डॉ. जयमे लोके ने कहा, लूनी को सर्जरी के 11 दिन बाद ही अस्पताल



से छुट्टी दे दे गई थी। हालांकि, इस सप्ताह उन्हें फिर से भर्ती कर गया है। उम्मीद है वह तीन महीने में अलबामा स्थित अपने घर लौट जाएंगी।

लोके ने कहा, अमेरिका में 10 हजार से अधिक लोग किडनी प्रत्यारोपण की सूची में हैं, इनमें से अधिकांश को किडनी की जरूरत है।

लूनी का सफल प्रत्यारोपण एक उम्मीद की किरण की तरह है। उन्होंने कहा, यदि सुअर की किडनी खराब हो जाती है, तो वह फिर से डायलिसिस शुरू कर सकती हैं।

### लूनी ने 1999 में अपनी मां को एक किडनी दी थी दान

लूनी ने 1999 में अपनी मां को एक किडनी दान दी थी। बाद में गर्भावस्था के दैरान बल्ड प्रेशर हो गया। लूनी ने बर्मिंघम में अलबामा विश्वविद्यालय में सुअर की किडनी पर शोध के बारे में सुना और लोके से कहा कि वह एक बार इसे जरूर आजमाना चाहेंगी।

# खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो कर्मियों को निशाना बनाकर किया गया बम धमाका

## तीन जवानों की गई जान

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से एक दुखद जानकारी सामने आई है। यहां पोलियो कर्मचारियों को ले जा रहे एक वाहन को निशाना बनाकर विस्फोट किया गया। इसमें सुरक्षा बलों के तीन कर्मियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।

### सुरक्षा बलों के वाहन पर विस्फोट

यह घटना डेरा इस्माइल खान जिले के दरबान इलाके में मंगलवार को उस समय हुई, जब पोलियो ड्यूटी के लिए जा रहे सुरक्षा बलों के एक वाहन पर सड़क किनारे इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के जरिए विस्फोट किया गया। मरने वालों की पहचान अशफाक, मुख्तियार वली और मुहम्मद आरिफ के रूप में हुई है। पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं अभी तक किसी भी गुट ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इस हमले से एक दिन पहले खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अलग-अलग घटनाओं में एक



पोलियो कर्मी और एक पुलिस कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

पाकिस्तान में सोमवार से शुरू हुए पोलियो रोधी अभियान के पहले ही दिन अज्ञात हमलावरों ने बन्नू जिले में गोलीबारी कर एक पोलियो कर्मी की हत्या कर दी थी। पुलिस ने बताया कि मृतक पोलियो कर्मी ड्यूटी पर जा रहा था जब काला खेल मस्ती खान में उस पर हमला किया गया।

करक जिले में एक अन्य घटना में पोलियो कर्मियों की टीम को एस्कॉर्ट कर रहे कांस्टेबल इश्तियाक अहमद की उस समय मौत हो गई थी, जब मोटरसाइकिल सवार अज्ञात लोगों ने गोलियां चलाईं।

अब तक 63 मामले सामने आए पाकिस्तान में पोलियो उन्मूलन अभियान कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुआ ताकि पोलियो के इस गंभीर बीमारी से निपटने में इस साल तेजी देखी गई और अब तक इसके 63 मामले सामने आ चुके हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, पाकिस्तान और अफगानिस्तान एकमात्र ऐसे देश है ।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने सुनी किसान दिवस पर किसानों की शिकायतें

## किसानों से प्राप्त शिकायतों का आगामी किसान दिवस से पहले पूर्ण निराकरण करना सुनिश्चित करें अधिकारीगण: इन्द्र विक्रम सिंह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विकास भवन दुर्गावती देवी सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें गत माह में आयोजित किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निराकरण के सम्बन्ध में कृषक को अवगत कराया गया तथा नयी शिकायतें कृषकों से प्राप्त कर सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषित की गयी। कृषकों द्वारा गन्ना मूल्य के भुगतान, नहरों की सील्ट सफाई, सड़क मरम्मत, पशुओं से सम्बन्धित एवं बिजली विभाग की समस्यायें रखी गयी।





### पात्र लाभार्थियों को पी०एम० सूर्य घर योजना का लाभ लेना चाहिए : जिलाधिकारी

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी द्वारा पी०एम० सूर्य घर योजना के सम्बन्ध में किसानों को लाभ लेने के विषय में अवगत कराया गया। माईनर की सफाई के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन-जिन स्थलों की सफाई के सम्बन्ध में किसानों द्वारा शिकायत की गयी है, उसका सत्यापन एस०डी०एम० से करा लिया जाये और त्वरित निराकरण किया जाएं। कान्हा गौशाला की साफ-सफाई के लिये मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया एवं ऐसे गौवंश जो गर्भधारण योग्य हो उनका चिन्हांकन कर लिया जाये। ग्राम पंचायत रहीसपुर में सड़कों की गुणवत्ता 10 दिन के अन्दर चैक कर अधिशासी अभियन्ता, पी०डब्ल्यू०डी० द्वारा आख्या उपल्बध करा दी जाये। किसान दिवस में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। इसी के साथ किसानों द्वारा अपनी अन्य मांगों को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया गया। बैठक में डीडी कृषि रामजतन मिश्र सहित विद्युत विभाग, पीडब्लूडी, मण्डी समिति सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने महिलाओं को दिया आश्वासन

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी द्वारा किसान दिवस में किसानों कि शिकायतें सुनने के उपरान्त सभागार से बाहर निकलते हुए दो महिलाएं परेशान खड़ी मिलीं। जिलाधिकारी ने उनसे उनकी समस्या पूछी तो उन्होंने बताया कि वे पेंशन के सम्बंध में आई हैं लेकिन उनका कार्य नहीं हो सका। जब जिलाधिकारी ने इसका कारण जाना तो ज्ञात हुआ कि सर्वर डाउन है। जिलाधिकारी ने उनसे कहा कि परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, यह समस्या कभी-कभी हो जाती है आप कुछ समय उपरान्त चैक करवा लीजिएगा। आपका पेंशन संबंधित कार्य हो जायेगा।

# अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सौरभ भट्ट ने किया रैन बसेरों का औचक निरीक्षण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सौरभ भट्ट के नेतृत्व में एसडीएम सदर अरुण दीक्षित सहित जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ मंगलवार देर रात्रि भ्रमण में जनपद के विभिन्न स्थलों पर नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत द्वारा संचालित रैन बसेरों एवं अलाव स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें ठहरे हुए व्यक्तियों से रैन बसेरों में की गयी व्यवस्था की जानकारी ली गयी व सड़कों पर सो रहे निराश्रित, असहाय व कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को जोनल अधिकारियों के माध्यम से रैन बसेरे में पहुंचाया गया। औचक निरीक्षण के दौरान स्थायी रैन बसेरा, पुराना बस अड्डा गाजियाबाद, नासिरपुर फाटक निकट रेलवे क्रासिंग, गाजियाबाद सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया गया।

# वार्ड 72 के पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने किया विकास कार्य का शुभारंभ



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 72 के पार्षद कुसुम मनोज गोयल के प्रयासों से नगर निगम द्वारा वैशाली सेक्टर एक के सामने राधा कृष्ण पार्क में घास लगाने के कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समाजसेवी के एल शर्मा द्वारा नारियल फोड़कर इस कार्य को शुरू करवाया गया। पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान फूलमाला पहनाकर किया गया। पार्षद द्वारा बताया गया कि इस पार्क में समय-समय पर कार्य होते रहते हैं। आसपास के लोग ख्याल रखेंगे तो पार्क और भी अच्छा हो जाएगा। क्षेत्र में लगातार विकास कार्य चल रहे हैं उन्होंने इस कार्य के लिए महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का भी आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शिक्षाविद किरण राणा, भाजपा नेत्री विमल भट्ट, श्यामसुंदर सिंह, प्रदीप सक्सेना, रेनू नेगी, स्वाति दुबे, राज सिंह, श्रीनाथ नौटियाल, दुष्यंत गौतम, शंभू गुलशन, मिथिलेश मुन्नी, रेखा सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## 'द साबरमती रिपोर्ट'



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा मंगलवार को पीवीआर आपूलेंट मॉल चौधरी मोड में 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म व्यापारी भाइयों को दिखाई गई। व्यापारी भाइयों का इतना साथ मिला कि पिक्चर होल छोटा पड़ गया। बहुत से व्यापारी भाइयों ने सीढ़ी पर बैठकर फिल्म देखी। सभी व्यापारी भाइयों का व्यापार मंडल द्वारा दिल की गहराइयों से बहुत-बहुत धन्यवाद। आप सबका प्यार और साथ हमेशा इसी तरह बना रहे ईश्वर से यही प्रार्थना है। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा उपस्थित रहे। इस मौके पर संजीव गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष उद्योग मंच, सुभाष गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष, अनिल सांवरिया अध्यक्ष मेरठ मंडल, गौरव गर्ग महामंत्री मेरठ मंडल, सुभाष छाबड़ा महानगर अध्यक्ष, मनवीर नागर महानगर महामंत्री, सुरेश महाजन महानगर वाईस अध्यक्ष, संजीव लाहोरिया महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजू छाबड़ा युवा प्रदेश कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# गंगोत्री टॉवर कौशाम्बी का किया गया निरीक्षण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उपाध्यक्ष के समक्ष गंगोत्री टॉवर वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा की गई शिकायत के क्रम में दिये गये निर्देशानुसार 6 दिसंबर 2024 को अपर सचिव द्वारा अभियंत्रण व विद्युत खण्ड-6 की टीम के साथ गंगोत्री टॉवर कौशाम्बी का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान निवासियों एवं एसोसिएशन के सदस्यों से वार्ता करने पर संज्ञान में आया कि उक्त टॉवर में लगभग 78 फ्लैट अनाबंटित हैं, जिसमें अनाधिकृत रूप से बाहरी लोग निवास कर रहे हैं। उपाध्यक्ष द्वारा इन फ्लैटों को 15 दिन के भीतर खाली कराने के निर्देशों के क्रम में इस दौरान टॉवर के बाहर एवं फ्लैट्स के मुख्य द्वार पर अनाधिकृत रूप से निवास कर रहे लोगों को संबोधित करते हुए नोटिस चस्पा किया गया था कि इन फ्लैटों को अविलम्ब खाली करें साथ ही स्थानीय पुलिस थाना कौशाम्बी में भी तहरीर दी गई थी। उपाध्यक्ष द्वारा भी पुलिस बल के सहयोग हेतु पुलिस आयुक्त, गाजियाबाद को भी पत्र प्रेषित किया गया। जिन लोगों के द्वारा बुधवार तक फ्लैट्स खाली नहीं किया गया था, उनसे अभियंत्रण खण्ड, जोन-6, विद्युत खण्ड-टीएचए के स्टाफ के साथ स्थानीय पुलिस बल, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण दस्ते के माध्यम से विधिवत वीडियोग्राफी कराते हुये खाली कराने एवं सीलबंद किये जाने की कार्रवाई की गई। निदेशों के क्रम में इन फ्लैट्स का आगणन पृथक से कराया जा रहा है। आगणन तैयार होने के उपरांत इन फ्लैट्स को नीलामी के माध्यम से विक्रय किया जायेगा।

# अतुल सुभाष सुसाइड केस में शुभारंभ फाउंडेशन की कड़ी कार्रवाई की मांग




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शुभारंभ फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू सिंह ने हाल ही में हुई बड़ी दुखद घटना जिसमें ससुराल पक्ष के द्वारा अतुल सुभाष (पुरुष) को इतना प्रताड़ित किया गया, अतुल सुभाष ने सुसाइड कर लिया पर दुख व्यक्त किया है। शुभारंभ फाउंडेशन द्वारा इस पर कड़ी कार्रवाई और कठोर कानून बनाने की मांग की। अतुल सुभाष की मौत पर संवेदना व्यक्त करते हेतु एक कैंडल मार्च शहीद स्थल नवयुग मार्केट पर 5:30 बजे निकाला गया। निरंतर इस तरह की घटनाओं मे निरंतर वृद्धि हो रही है, इसीलिए शुभारंभ फाउंडेशन बहुत पहले से ही पुरुष आयोग की मांग करता रहा है। शुभारंभ फाउंडेशन पुरुष आयोग की मांग को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए भारत सरकार से गुजारिश करता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू सिंह, राष्ट्रीय महासचिव मंजीत सिंह राठौड़, नीरज शर्मा राष्ट्रीय सचिव वास्तु शास्त्री, वरिष्ठ समाजसेवी प्रवीण बत्रा, समाजसेवी संदीप त्यागी रसम, संजय चौहान संरक्षक, सचिन हिन्दू, मनोज कुमार, संदीप ठाकुर, अंकित गिरी, साहिल, निर्वाण, आर्यन राजपूत, गौरव , सनी शर्मा, रिया चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




क्यों कहा कहने वाले ने कि यूँ तो भगवा दावेदार के साथ महानगर अध्यक्ष की पैरोकारी को लेकर है पूरी सृष्टि ? मगर यहाँ पर सब कुछ ठीक नहीं है ? पता चला है इन दावेदार के ऊपर विधायक जी की डली हुई है वक्र दृष्टि ? बस इस दृष्टि ने ही बिगाड़ा हुआ है उनका अभी तक गेम ? यही बात दे रही है दावेदार को बार बार पैन ? विधायक जी के अड़ने से कुछ हल्का हो रहा दावेदार का दावेदारी में गेन?

क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा पहलवान क्या हुए कुछ दिन के लिए बीमार ? मार्केट में छा गया नेगिटिव चर्चाओं का खुमार ? कहने वाले कहने लगे भगवा कमांडर और पहलवान के बीच बढ़ गई है दूरी ? यही है सिस्टम में उनके कम नजर आने की मजबूरी ? कहने वाले ने कहा, मैं इस तरह का माहौल बनाने वालों को करना चाहता हूँ करेक्ट ? दोनों की दोस्ती आज भी अंबुजा सीमेंट की तरह पक्की है ? कार्यालय पर वापस लौट चुके है पहलवान कराकर अपने कई टेस्ट ? दोनों आज भी पहले की तरह है फ्रेंड बेस्ट ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि गर्ग साहब से कौनसे बड़े वाले जनप्रतिनिधि रूठे हुए है ? इस बारे में है उनको खूब जानकारी ? पता होने के बावजूद वो कुछ भी रिप्लाई नहीं कर रहे है ? क्यूंकि गर्ग साहब जनप्रतिनिधि से मजबूत मानते है अपनी यारी ? पता चला है उन्होंने नाराजगी दूर करने का निकाल लिया है हल ? इस पर वो जल्द ही चर्चा करेंगे आज हो या कल ? पता चल है नाराजगी मैं दिखाई दे रहा है भगवा कमांडर को तवज्जो का इफेक्ट ? हमे पता है गर्ग साहब सम्भाल लेंगे पूरे मामले को ? नजराजगियों को दूर करने के उनके पास है बहुत सारे टैक्ट?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हमे अंदर से पता चली है एक बात ? भगवा कमांडर के दिल में है कास्ट फैक्टर पर अपने दो महानमंत्रिओं में से किसी एक को अध्यक्ष बनाने के जज्बात ? उनके दिल में टॉप पर है भगवा पहलवान का नाम ? दूसरे नंबर पर दिया हुआ है उन्होंने गोपाल भैया को स्थान ? तीसरे नंबर वो चाहते है, चाबी ना खोए और हो जाए बॉबी फि ल्म रिलीज ? अब ये बात हमे सूत्रों से पता चली है ? ना जाने ये बात कितनी है ठीक ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि गोविनपुरम वाली कमिश्नरी से बहुत दिन बाद हुई है रंजन भैया की विदाई ? अब ऐसा लगा रहा है, वो अपना सौम्य चेहरा संगठन की मेन टीम में देखना चाहते है भाई ? कहने वाले ने कहा, हम भी चाहते है संगठन की मेन टीम में हर सूरत में आए उनका नाम ? वैसे तो मिलना चाहिए उनको महामंत्री वाला पद ? वैसे आदमी वो नॉन डिमांडिंग है ? उपाध्यक्ष वाली व्यवस्था से भी चला लेंगे काम ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हैवीवेट वालों के यहाँ पर कौन बनेगा महानगर अध्यक्ष ? इस बात का ज्यादा सुनाई नहीं दे रहा है शोर ? सुना है यहाँ पर वैसे संगठन के एक महानमंत्री ने अपनी मजबूत पकड़ बनाई हुई है ? जिस वजह से पूरे प्रेम से किसी की कमजोर हो रही डोर? सुना है पूरे मान से यहाँ पर ओबीसी फैक्टर का भी रखा जा रहा है ध्यान ? हमने पहले है संकेत दिए है ? वो जनप्रतिनिधि बहुत शार्प है ? प्लान टू पर वो हमेशा करते है काम ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि पटेल वाले मोहल्ले में मेदी जी की हो गई किस बूथ अध्यक्ष से नोक झोंक? सुना है मित्तल जी दे रहे थे बूथ अध्यक्ष को कोई ओर सुझाव? इस बात पर आ गया बूथ अध्यक्ष को भी ताव? मामला एक ही बिरादरी का था तो हो गया शांत? सुना है बूथ अध्यक्ष ने भी बताया उन्हें अपना भाई और कहा इस विषय पर नहीं करनी है कोई बात?

क्यों कहा कहने वाले ने कि एक मंडल में एक देवतुल्य ने बांट दी केवल इस बात पर ही मिठाई? कोई भी बने इससे कोई दिक्कत नहीं लेकिन नहीं बनना चाहिए वो भाजपाई? वो आनंद ले रहे हैं कि एज फैक्टर में आ गए ओर नहीं होनी चाहिए रूल को लेकर कोई दया?

क्यों कहा कहने वाले ने कि जैसे बूथ अध्यक्ष के घर पर जाकर बजवाया था ढोल? क्या मंडल अध्यक्ष के घर पर भी बजेगा ढोल? क्या उनके घर के बाहर भी लगाई जाएगी उनकी नेम प्लेट? कहने वाले ने कहा कि ऐसा नहीं आया है संगठन की ओर से कोई पर्चा? जो मंडल अध्यक्ष बनेगा उसे खुद ही करना होगा ढोल मिठाई और फूल वाला खर्चा?

क्यों कहा कहने वाले ने कि किस मंडल प्रभारी की जेब में रखी है हर मंडल में सेट कराए जाने वाले चेहरों की लिस्ट? कहने वाले ने कहा कि वो ले चुके हैं कई देवतूलयों को मंडल में पद दिलाने की गारंटी? कहने वाले ने कहा कि हमारी तो समझ से बाहर है उनकी ये भाग दौड़? ये वो ही मंडल प्रभारी हैं जिनकी होती है रोजाना भगवा दफ्तर में आमद? देखने वाले उन्हें देख कर कहते हैं कि इन्हें भी नहीं है काम कोई और? पूरी लिस्ट लेकर वो लगा रहे हैं अपनी तरफ से फुल जोर,?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नए वाहन की खुशी एक मेहमान के आने जैसी होती है। शैली ने स्कूटी ली और इसे भगवान शिव की कृपा ओर अपने मम्मी पापा का आशीर्वाद बताया। उन्होंने अपनी इस खुशी को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।